RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच

(हम भीड़ मे दौड़ना नहीं जीतना सिखाते हैं)
कोड 0910011910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर-22, नोएडा 8750611103
*फीस ना के बराबर *नि:शुल्क एडमिशन फीस
केवल 10 महीने की मासिक फीस

वर्ष : 27 | अंक : 80 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, मंगलवार, 11 मार्च, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी दिल्ली

## नोएडा, ग्रेटर नोएडा, लोनी व मुफ्फरनगर भी प्रदूषित शहरों की सूची में



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** स्विट्जरलैंड की वायु गुणवत्ता तकनीक कंपनी आईक्यूएयर की वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट 2024 के अनुसार, दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में से 13 भारत में हैं। इस सूची में असम का बर्नीहाट सबसे ऊपर है, जबकि दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी बनी हुई है। उत्तर प्रदेश के सबसे ज्यादा प्रदूषित चार शहर भी इस सूची में शमिल हैं। जिनमें नोएडा, ग्रेटर नोएडा, लोनी व मुफ्फरनगर के नाम हैं।

वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट 2024 के अनुसार दिल्ली में पीएम 2.5 का वार्षिक औसत स्तर 91.6 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहा, जो 2023 के 92.7 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से एक प्रतिशत से भी कम है। इसके साथ ही दिल्ली लगातार दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी बनी हुई है। भारत अब दुनिया का पांचवां सबसे प्रदूषित देश बन गया है, जबकि 2023 में यह तीसरे स्थान पर था।

वहीं देश के 13 सबसे प्रदूषित शहरों की बात करें तो, इसमें असम का एक शहर, पंजाब का एक शहर, राजधानी दिल्ली के दो शहर, हरियाणा के दो शहर, राजस्थान के तीन शहर और उत्तर प्रदेश के सबसे ज्यादा चार शहर शामिल हैं। सूची में भारत के सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों में बर्नीहाट (असम),दिल्ली, मुल्लांपुर (पंजाब) , फरीदाबाद (हरियाणा), लोनी (उत्तर प्रदेश), नई दिल्ली , गुरुग्राम (हरियाणा), गंगानगर (राजस्थान), ग्रेटर नोएडा (उत्तर प्रदेश), भिवाड़ी (राजस्थान), मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश), हनुमानगढ़ (राजस्थान), नोएडा (उत्तर प्रदेश) शामिल हैं।

# पीएम मोदी का मॉरीशस में गर्मजोशी से स्वागत

**पोर्ट लुइस ( मॉरीशस )( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी दो दिवसीय यात्रा पर मॉरीशस पहुंच गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी का मॉरीशस में भव्य और गर्मजोशी से स्वागत किया गया। पीएम मोदी का एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया।

पीएम मोदी का भारतीय मूल के नागरिकों ने भी गर्मजोशी से स्वागत किया। उनके साथ उप प्रधानमंत्री, मॉरीशस के मुख्य न्यायाधीश, नेशनल असेंबली के स्पीकर, विपक्ष के नेता, विदेश मंत्री, कैबिनेट सचिव, ग्रैंड पोर्ट डिस्ट्रिक्ट काउंसिल के अध्यक्ष और कई अन्य लोग मौजूद थे। प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए कुल 200 गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे, जिनमें सांसद, विधायक, राजनयिक दल और धार्मिक नेता शामिल थे।






आज से शुरू हो रहे इस दौरे के दौरान पीएम मोदी 20 से अधिक भारत-निर्मित परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, जिनमें क्षमता निर्माण से लेकर समुदाय-आधारित ढांचागत परियोजनाएं शामिल हैं।

इस दौरान पीएम मोदी अपने समकक्ष नवीनचंद्र रामगुलाम के साथ मिलकर सिविल सर्विसेज कॉलेज भवन का उद्घाटन करेंगे. इस भवन का निर्माण लगभग 4.75 मिलियन डॉलर की लागत से पूरा हुआ है। इस परियोजना के लिए 2017 में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे।

मोदी 20 सामुदायिक परियोजनाओं और एरिया हेल्थ सेंटर का भी ई-उद्घाटन करेंगे, जिन्हें लगभग 7 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। इन सामुदायिक परियोजनाओं में खेल संबंधित ढांचागत सुविधाएं भी शामिल हैं।

# ओमेक्स फॉरेस्ट सोसायटी की ऊपरी मंजिल में लगी आग



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के सेक्टर-93 में ओमेक्स फॉरेस्ट स्पा सोसायटी की ऊपरी मंजिल में भीषण आग लग गई। सोसायटी की ऊपरी मंजिल पर सोमवार रात भीषण आग लग गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की आशंका जताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रात के समय सोसायटी की ऊपरी मंजिल पर अचानक धुआं उठता दिखा। कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप ले लिया। सोसायटी में रहने वाले लोगों ने तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचना दी, जिसके बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का कार्य शुरू किया। फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

# महाकुंभ में सफाईकर्मियों का अतुलनीय योगदान : मुख्यमंत्री



**लखनऊ ( एजेंसी )।** लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सफाई कर्मियों को सम्मानित किया। इस दौरान सीएम योगी ने महाकुंभ के सफाई योद्धाओं पर पुष्पवर्षा कर उनके अथक प्रयासों की सराहना की। इस सम्मान समारोह में 50 सफाई योद्धाओं को सम्मानित किया जा रहा हैं। जिनमें 22 महिलाएं और 28 पुरुष शामिल हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिला सफाई योद्धा रीता और संतोष देवी को विशेष रूप से सम्मानित किया। इसके अलावा, सफाई योद्धा प्रवेश मौर्य और दीप चंद्र को भी उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया। सीएम योगी ने कहा कि सफाई कर्मी समाज के असली हीरो हैं, जो अपने कठिन परिश्रम से शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि तीन पवित्र दिनों में तीस करोड़ श्रद्धालु आए, **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

# भाजपा विधायकों के जहरीले बोल

## मुस्लिमों के इलाज के लिए बने अलग वार्ड : केतकी सिंह



**लखनऊ ( एजेंसी )।** होली से पहले उत्तर प्रदेश में भाजपा विधायकों द्वारा लगातार जहरीले बोल बोलकर आग में घी डाला जा रहा है। उत्तर प्रदेश बलिया से बीजेपी विधायक केतकी सिंह ने अब बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज में मुस्लिमों के इलाज के लिए अलग से वार्ड बनाया जाए. मुसलमानों को होली, रामनवमी, दुर्गा पूजा में दिक्कत होती है. ऐसे में हो सकता है कि हमारे साथ इलाज करवाने में भी उनको दिक्कत होगी।

बीजेपी विधायक केतकी सिंह ने कहा कि योगी जी को एक कमरा और बना देना चाहिए। उनके लिए ताकि मुसलमान वहां दूसरी विंग में जाकर अपना इलाज करवाएं. मेडिकल कॉलेज में अलग से विंग होगा मुसलमानों के लिए तो हम भी सुरक्षित रहेंगे। पता नहीं कौन हमारे खाने में थूक दें।

दरअसल, पत्रकारों ने जब उनसे सवाल किया तो उन्होंने कहा कि मैं तो महाराज से अनुरोध करती हूं कि **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

## रंग से बचना है तो हिजाब पहने : रघुराज सिंह



**अलीगढ़( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश सरकार में दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री रघुराज सिंह ने अलीगढ़ में विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि होली में जिसको रंग से बचना है वह तिरपाल (पॉलिथीन) का हिजाब पहने, जैसे मुस्लिम महिलाएं पहनती हैं। पुरुष भी वैसे ही तिरपाल पहनें ताकि रंग से उनकी टोपी और शरीर बचा रहे, अगर ये नहीं कर सकते तो घर पर ही रहें। मंत्री रघुराज सिंह ने आगे कहा कि होली में व्यवधान उत्पन्न करने वालों के लिए तीन जगहें हैं- जेल जाएं, प्रदेश छोड़ दें या फिर यमराज के पास अपना नाम लिखवा लें। रघुराज सिंह ने यह भी कहा कि अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में मंदिर बनेगा, उन लोगों को बहुसंख्यकों का सम्मान करना चाहिए।

मंत्री रघुराज सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि साल में 52 बार जुमे आते हैं और होली एक दिन। इसलिए एक दिन देरी से नमाज पढ़ लें। अगर **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

# अमेरिका बाजार में हलचल, भारत में सेंसेक्स और निफ्टी धड़ाम

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अमेरिका का के शेयर बाजार में गिरावट का असर मंगलवार को भारतीय स्टॉक मार्केट पर भारी पडा है। कारोबार की शुरुआत के साथ ही सेंसेक्स और निफ्टी धड़ाम हो गए। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के 30 शेयरों वाला सेंसेक्स खुलने के साथ ही 400 अंक का गोता लगा गया, तो वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 130 अंक से ज्यादा फिसल गया. बाजार में गिरावट के बीच प्राइवेट सेक्टर के इंडसइंड बैंक के शेयर में सबसे बड़ी गिरावट आई और ये खुलने के साथ ही 20 फीसदी टूट गया। ट्रंप की हैट्रिक नीति व अन्य कारणों से शेयर बाजार में काफी हलचल है। मंगलवार को शेयर मार्केट की शुरुआत बेहद खराब रही। **(शेष पृष्ठ-3 पर)**



### अमेरिकी बाजार में आई बड़ी गिरावट

गौरतलब है कि पिछले कारोबारी दिन अमेरिका के शेयर बाजारों में भारी गिरावट दर्ज की गई। डाउ जोन्स 1100 अंकों तक गिरा, हालांकि अंत में यह 2.08 प्रतिशत (890 अंक) की गिरावट के साथ 41,911.71 पर बंद हुआ। एसएंडपी-500 सूचकांक में 155.64 अंकों (2.70 प्रतिशत) की गिरावट रही। वहीं, नैस्डैक में सबसे अधिक गिरावट दर्ज की गई और यह 4 प्रतिशत गिरकर 17,468.32 पर बंद हुआ।

### 1715 शेयरों की रेड जोन में शुरुआत

शेयर मार्केट ओपन होने के साथ जहां 617 कंपनियों के शेयर उछाल के साथ ग्रीन जोन में खुले, तो वहीं 1715 कंपनियों के शेयरों ने गिरावट के साथ लाल निशान पर कारोबार की शुरुआत की. इस बीच 105 कंपनियों के शेयरों की स्थिति में कोई बदलाव देखने को नहीं मिला. सबसे ज्यादा गिरावट वाले शेयरों की बात करें, तो IndusInd Bank, Infosys, Tech Mahindra, TCS, Tata Motors में बाजार की ओपनिंग के साथ ही तगड़ी गिरावट देखने को मिली. वहीं दूसरी ओर ICICI Bank, Maruti Suzuki और ONGC के शेयर हरे निशान पर कारोबार करते नजर आए।

बाजार में गिरावट के बीच शुरुआती कारोबार में सबसे ज्यादा गिरने वाले शेयरों पर नजर डालें, तो बड़ी कंपनियों में शामिल इंडसइंड बैंक (20 प्रतिशत), इंफोसिस (3.24 प्रतिशत), महिंद्रा एंड महिंद्रा (2.99 प्रतिशत), जोमैटो (2.49 प्रतिशत), टेक महिंद्रा (1.28 प्रतिशत) में गिरावट देखी गई।

# फोनरवा के होली मिलन समारोह ने बांधा समां

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-52 स्थित फोनरवा कार्यालय परिसर में सोमवार की शाम फागुनी बयार के बीच होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा लोगों ने आपस में फूलों की होली खेलकर जमकर होली का आनंद लिया।
इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा, नोएडा के विधायक पंकज सिंह और प्रसिद्ध राष्ट्रीय कवि कुमार विश्वास पहुंचे। उन्होंने अपने संबोधन में सभी को होली की शुभकामनाएँ दीं।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में नोएडा जोन-1 के डीसीपी रामबदन सिंह, डीसीपी (ट्रैफिक) लाखन यादव, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष विमला बाथम, भाजपा की महामंत्री डिंपल आनंद, मंत्री चमन अवाना, डीडी आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष एनपी सिंह, संजीव कुमार, वरिष्ठ





नेता पंडित रविकांत मिश्रा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

इसके अलावा, आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष, महासचिव और अन्य पदाधिकारी, उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन, अग्रवाल मित्र मंडल के पूर्व अध्यक्ष संजय गोयल, नोएडा के कई समाजसेवी, उद्योगपति और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता भी इस समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम में फोनरवा के अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, महासचिव के.के. जैन, कोषाध्यक्ष पवन यादव, **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

om EVER GREEN SWEETS
रंगोत्सव होली की हार्दिक शुभकामनाएं
आपके शहर में विश्वसनीय, शुद्धता एवं स्वच्छता के लिये मशहूर प्रतिष्ठान
काजू कतली, डोडा बर्फी, रसमलाई, स्पंज रसगुल्ला, पनीर, जलेबी, इमरती, सोनपापड़ी, बालूशाही, मोतीचूर लड्डू, बर्थडे केक, पेस्ट्री चॉकलेट, पेटिज, बर्गर, पिज्जा, गोलगप्पे, टिक्की, छोले भटूरे, पॉवभाजी, स्पेशल वैज थाली, समोसे, ब्रेड पकोड़ा, ढोकला इत्यादि ।
नोट: शुभ अवसरों पर कैटरिंग की भी व्यवस्था है।
Shop No. 16, Bougainvillea Shopping Complex, Sector Gamma-II (Near Gr. Noida Authority) Greater Noida Ph.: 0120-4283052 Mob.: 9210005711
ALPHA II: Shop No. 4, Satyam Shopping Complex, Sector Alpha-II Gr. Noida, Mo.: 9643692200
OMEGA II: Shop No. 1, Star Plaza Ansal Golf Link, Mob.: 9990491275, 9210080229
Sector 36: Shop No. 8, Greno City Plaza, Opp. Ivory Hospital, Sector-36, Mob.: 9811900795
CHI-V: Shop No. 39 & 40 Nimbus Express View Opp. Poorvanchal Royal City Mob. 8448818119
OMICRON 3: Shop No.1, Pulmeria Garden Shopping Complex, Mob.:8882462343
Sector 134: Shop No.1, JP Green Wish Town, Wazidpur, Noida Mob.: 9667773004, 8750355500
9210005711, 9313422939, 0120-4283052
Branch : Shop No.8, Greno Plaza, Opporite Ivory Hospital, Sec.-36, GB Nagar Mob.: 9811900795, 8882462343

## बधिरता का डर

यह आशंका अकसर जतायी जाती रही है कि लगातार कानों पर मोबाइल व ईयरफोन लगाने का बच्चों की श्रवण शक्ति पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। अब हाल में हुए अध्ययन ने इसकी पुष्टि की है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय भी इस खतरे की पुष्टि कर रहे हैं। इसीलिए अभिभावकों को चेताया गया है कि बहुत अधिक स्क्रीन टाइम और गैजेट्स की तेज ध्वनि से बच्चों की रक्षा करें। दरअसल, डब्ल्यूएचओ की दक्षिण पूर्व एशिया की निदेशक साइमा वाजेद ने कहा है कि दुनिया में 1.40 अरब लोग इस संकट से प्रभावित हुए हैं। जिसमें 40 करोड़ लोग दक्षिण पूर्व एशिया में बधिरता से ग्रस्त हो रहे हैं। एक अध्ययन के अनुसार वर्ष 2050 तक 1.6 अरब लोग बधिरता से प्रभावित हो सकते हैं। जिनमें अधिकांश लोग मध्यम व कम आय वर्ग के होंगे। यूं तो साठ साल के बाद सुनने की क्षमता प्राकृतिक रूप से कम हो जाती है, लेकिन हाल के वर्षों में लगातार कानों में ईयरफोन आदि लगाने से यह संकट बच्चों में बढ़ता जा रहा है। खासकर वे बच्चे जो लगातार लेपटॉप व मोबाइल पर गेमिंग व अन्य कार्यक्रम तेज आवाज में घंटों सुनते रहते हैं। पहले कम सुनने की समस्या दिखायी देती है और कालांतर समस्या बहरेपन में तब्दील हो जाती है। दरअसल, कानों पर तकनीकी शोर का इतना अधिक दबाव बढ़ गया है कि बच्चे अपनी सुनने की प्राकृतिक क्षमता खोने लगे हैं। जो एक आसन्न गंभीर संकट को ही दर्शाता है। दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि आज मोबाइल फोन एक आवश्यक बुराई बन चुका है। आज नई पीढ़ी इस संबंध में मां-बाप की नसीहत पर ध्यान कम ही देती है। ऐसे में स्कूल-कालेजों में शिक्षकों व सामाजिक अभियानों से जुड़े लोगों को जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। विभिन्न सूचना माध्यमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों से बच्चों को जागरूक करने के लिये मुहिम चलाने का कुछ लाभ जरूर मिल सकता है। प्रयास किया जाए कि न टाले जा सकने वाले कार्यक्रमों को कम आवाज के साथ सुना जाए। लेकिन विडंबना यह है कि हरदम कानों पर मोबाइल व ईयरफोन तथा बड्स आदि लगाना स्टेटस सिंबल बन गया। व्यक्ति खुद व्यस्त होने का दिखावा करता रहता है। विडंबना यह है कि जीवनशैली में आए बदलावों तथा शिक्षा कार्यों के लिये ऑनलाइन रहने की दलील देकर बच्चे भी मोबाइल-लेपटॉप आदि से चिपके रहने का बहाना ढूंढ ही लेते हैं। तेज आवाज का संगीत व कंसर्ट बच्चों को लुभाते हैं। ऐसे में अभिभावक बच्चों को इस संकट की भयावहता से अवगत कराएं तथा समय-समय पर उनके कानों का चेकअप कराते रहें। कोशिश हो रचनात्मक तरीके से उनकी इस आदत को बदलने का प्रयास किया जाए। वैसे भी महानगरों व भीड़भाड़ वाले इलाकों में ध्वनि प्रदूषण लगातार बढ़ता जा रहा है। जिसके खतरों को लेकर समाज में जागरूकता के प्रचार-प्रसार की सख्त जरूरत होती है। बच्चों को लेकर अभिभावकों व शिक्षकों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है, क्योंकि उनके लंबे जीवन पर बहरेपन का संकट मंडराने का खतरा बढ़ता ही जा रहा है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि उसका वैभव और विलास सौ इन्द्रों के समान था। वह रूप, तेज, बल और नीति का घर था। उसके विश्वमोहिनी नाम की एक ( ऐसी रूपवती ) कन्या थी, जिसके रूप को देखकर लक्ष्मीजी भी मोहित हो जाएँ॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**सोइ हरिमाया सब गुन खानी। सोभा तासु कि जाइ बखानी॥**
**करइ स्वयंबर सो नृपबाला। आए तहँ अगनित महिपाला॥**

वह सब गुणों की खान भगवान की माया ही थी। उसकी शोभा का वर्णन कैसे किया जा सकता है। वह राजकुमारी स्वयंवर करना चाहती थी, इससे वहाँ अगणित राजा आए हुए थे॥

**मुनि कौतुकी नगर तेहि गयऊ। पुरबासिन्ह सब पूछत भयऊ॥**
**सुनि सब चरित भूपगृहँ आए। करि पूजा नृप मुनि बैठाए॥**

खिलवाड़ी मुनि नारदजी उस नगर में गए और नगरवासियों से उन्होंने सब हाल पूछा। सब समाचार सुनकर वे राजा के महल में आए। राजा ने पूजा करके मुनि को (आसन पर) बैठाया॥

**दो0= आनि देखाई नारदहि भूपति राजकुमारि।**
**कहहु नाथ गुन दोष सब एहि के हृदयँ बिचारि॥**

(फिर) राजा ने राजकुमारी को लाकर नारदजी को दिखलाया (और पूछा कि-) हे नाथ! आप अपने हृदय में विचार कर इसके सब गुण-दोष कहिए॥

(क्रमशः...)

# ट्रेड वॉर से मुकाबले की रणनीति

हाल ही में 5 मार्च को अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 2 अप्रैल से रेसिप्रोकल टैरिफ (प्रतिस्पर्धी शुल्क)लगाने का ऐलान किया है। ट्रंप के द्वारा 4 मार्च से कनाडा और मैक्सिको पर 25 फीसदी और चीन के आयात पर भी 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ प्रभावी किए जाने के बाद इन देशों के द्वारा भी अमरीका पर जवाबी टैरिफ लगाए जाने से नया ट्रेड वॉर शुरू हो गया है। यद्यपि अभी ट्रंप ने भारत पर टैरिफ रेट का ऐलान नहीं किया है, किंतु भारत पर टैरिफ वृद्धि चीन और कनाडा से कम ही होगी। यह स्थिति भारत के पक्ष में है। भारत अभी अमरीका से आयात होने वाले उत्पादों पर औसतन 9 फीसदी का टैरिफ लगाता है। ऐसे में अमरीका भारत पर रेसिप्रोकल टैरिफ के आधार पर 9 फीसदी से अधिक टैरिफ नहीं लगाएगा।

गोल्डमैन सॉक्स के मुताबिक अमरीकी टैरिफ से भारत की जीडीपी पर अधिकतम 0.6 फीसदी तक असर संभव है, जो की बेहद कम है। सिटी रिसर्च के अनुसार भारत को करीब 7 अरब डॉलर का नुकसान हो सकता है, जबकि अमरीका के साथ व्यापार लक्ष्य 500 अरब डॉलर सुनिश्चित किया गया है। निसंदेह टैरिफ वॉर की इन चुनौतियों के बीच भारत अमरीका के लिए उपयुक्त टैरिफ रियायतों की नई रणनीति के साथ द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं की भी नई रणनीति के साथ ट्रंप की टैरिफ मार से मुकाबला करने की डगर पर सुनियोजित रूप से आगे बढ़ रहा है। खास बात यह भी है कि जहां अमरीका से निर्मित टैरिफ चुनौतियों के बीच अब भारत को निर्यात के नए मौके मिलने की उम्मीद है, वहीं ट्रंप की नीति से भारत को चीन प्लस वन के रूप में दुनिया के वैश्विक व्यापार में तेजी से बढने का मौका भी मिलते हुए दिखाई दे सकेगा। यहां यह उल्लेखनीय है कि 4 मार्च को प्रधानमंत्री मोदी ने वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया का हर देश भारत के साथ आर्थिक कारोबारी साझेदारी मजबूत करना चाहता है। ऐसे में भारत के उद्योग-कारोबार क्षेत्र के द्वारा नए मौकों को मुट्ठी में करने के लिए तत्परता के साथ आगे बढना चाहिए। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि ट्रंप के द्वारा अपनाई जा रही अमरीका फर्स्ट और रेसिप्रोकल टैरिफ की नीति के कारण दुनिया में बहुत तेजी के साथ आर्थिक और कारोबारी उठापटक चल रही है। नया व्यापार युद्ध शुरू हो गया है।

दुनिया में वैश्विक व्यापार नए सिरे से दोबारा स्थापित होने जा रहा है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) अब मुख्य स्तंभ के रूप में नहीं बचा है और सबसे पसंदीदा राष्ट्र (एमएफएन) के दर्जे के तहत गैर भेदभावपूर्ण शुल्क खत्म हो रहे हैं। ऐसे में भारत ने इस नए बदलाव को




**भारत के लिए ट्रंप की चुनौतियों के बीच वैश्विक कारोबार के नए अवसर भी निर्मित हो रहे है। एक ओर अमरीका में भारत के निर्यात बढ़ सकते हैं, वहीं दूसरी ओर भारत को वैश्विक निर्यात में भी बढ़त मिल सकती है। अब चीन पर अमरीका के द्वारा भारी टैरिफ लगाने से अमरीका चीन टैरिफ वॉर के कारण जिन क्षेत्रों में चीन अमरीका को प्रमुखता से निर्यात करता है, उनमें से कई क्षेत्रों में अमरीका को भारत अपना निर्यात सरलता से बढ़ा सकता है। इस परिप्रेक्ष्य में भारतीय निर्यातकों को अमरीका बाजार में पहुंच बढ़ाने के लिए वर्ष 2025-26 के बजट में स्वीकृत किया गया एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन अहम भूमिका निभाएगा।**

समझते हुए रणनीतिकपूर्वक एक अप्रैल से प्रभावी होने वाले वर्ष 2025-26 के बजट में अमरीका से आने वाली वस्तुओं जैसे महंगी मोटरसाइकिल, सैटेलाइट के लिए ग्राउंड इंस्टॉलेशन और सिंथेटिक फ्लेवरिंग एसेंस जैसे कुछ सामानों पर शुल्क घटा दिए हैं। साथ ही मित्र देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की ऐसी नई रणनीति पर आगे बढना शुरू कर दिया है, जिसमें मित्र देशों को पर्याप्त रियायतें भी हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में विगत 28 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी और यूरोपीय आयोग (ईयू) की प्रेसिडेंट उर्सला वोन लेयेन ने दोनों पक्षों के बीच कारोबार एवं आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए मुक्त व्यापार समझौता को लेकर जारी किंतु-परंतु को पूरी तरह समाप्त कर दिया है। दोनों नेताओं ने इस बारे में प्रतिबद्धता जताते हुए अपने संबंधित मंत्रालयों को निर्देश दिया कि दोनों पक्षों के हितों के मुताबिक भारत-ईयू व्यापार समझौते पर इस वर्ष 2025 के अंत तक मुहर लगाई जाए। उल्लेखनीय है कि विगत 13 फरवरी नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप के बीच हुई वार्ता के दौरान द्विपक्षीय कारोबार को वर्ष 2030 तक 500 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा है। इसी प्रकार पिछले माह फरवरी में भारत के दौरे पर आए ब्रिटेन के व्यवसाय व कारोबार मंत्री जोनाथन रेनाल्ड्स ने कहा कि व्यापारिक समझौते का उद्देश्य पांच से छह वर्षों में द्विपक्षीय कारोबार को तीन गुना करना है। इसी तरह अमरीका और ब्रिटेन के साथ भी मुक्त व्यापार व निवेश समझौते को इसी साल 2025 में पूर्ण किए जाने के मद्देनजर भी भारत ने रणनीति तय की है। यह बात महत्त्वपूर्ण है कि अमरीका, यूरोपीय आयोग और ब्रिटेन इन तीनों का भारत के कुल द्विपक्षीय वैश्विक कारोबार में एक तिहाई से भी ज्यादा का हिस्सा है। वर्ष 2030 तक भारत इन तीनों के साथ अपने द्विपक्षीय कारोबार को कम से कम तीन गुना बढ़ाने की डगर पर आगे बढ़ा है। निश्चित रूप से इस समय ट्रंप के टैरिफ तूफान के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्विपक्षीय व्यापार वार्ताएं ऐसी डगर को तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं, जो उन्होंने पिछले वर्ष अपने तीसरे कार्यकाल से ही लगातार आगे बढ़ाना शुरू किया है। पिछले वर्ष से ही इस रणनीति से द्विपक्षीय व्यापार के अच्छे अध्याय लिखे गए हैं। निश्चित रूप से अमरीका के टैरिफ वॉर के मुकाबले के लिए भारत की नई द्विपक्षीय व्यापार वार्ताएं भारत की मुट्ठी में एक असरकार हथियार है।

भारत के लिए ट्रंप की चुनौतियों के बीच वैश्विक कारोबार के नए अवसर भी निर्मित हो रहे है। एक ओर अमरीका में भारत के निर्यात बढ़ सकते हैं, वहीं दूसरी ओर भारत को वैश्विक निर्यात में भी बढ़त मिल सकती है। अब चीन पर अमरीका के द्वारा भारी टैरिफ लगाने से अमरीका चीन टैरिफ वॉर के कारण जिन क्षेत्रों में चीन अमरीका को प्रमुखता से निर्यात करता है, उनमें से कई क्षेत्रों में अमरीका को भारत अपना निर्यात सरलता से बढ़ा सकता है। इस परिप्रेक्ष्य में भारतीय निर्यातकों को अमरीका बाजार में पहुंच बढ़ाने के लिए वर्ष 2025-26 के बजट में स्वीकृत किया गया एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन अहम भूमिका निभाएगा। इतना ही नहीं ट्रंप के रुख और ट्रंप की नीति से भारत को चीन प्लस वन के रूप में दुनिया के वैश्विक व्यापार में तेजी से बढने का मौका भी मिलते हुए दिखाई दे रहा है। चीन में मैन्युफैक्चरिंग करने वाली कई विदेशी कंपनियां भी भारत का रुख कर सकती हैं। इन सबके साथ जिस तरह ट्रंप अमरीका फर्स्ट की रणनीति के साथ अमरीका को तेजी से आर्थिक मजबूती देने का प्रयास कर रहे हैं, उसी तरह भारत में भी प्रधानमंत्री मोदी इंडिया फर्स्ट की रणनीति को तेजी से आगे बढ़ाकर घरेलू उद्योग कारोबार और अर्थव्यवस्था को तेजी से बेरोकटोक आगे बढ़ाने के मौके को मुट्ठी में ले सकते हैं। हम उम्मीद करें कि अमरीका के द्वारा 2 अप्रैल से भारत पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाए जाने की नई चुनौती के बीच भारतीय नीति निर्माताओं के द्वारा ट्रंप प्रशासन की नीतियों से भारत पर होने वाले प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष प्रभावों का सतत मूल्यांकन करते हुए रणनीतिक रूप से द्विपक्षीय कारोबार की डगर पर आगे बढ़ा जाएगा। हम उम्मीद करें कि सरकार अमरीकी टैरिफ की नई चुनौतियों के बीच नई द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं और नए मुक्त व्यापार समझौतों की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेगी और अमरीका सहित दुनिया के कोने-कोने के देशों में कारोबार की नई संभावनाओं को मुट्ठियों में लेते हुए वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ाने में सफल होगी।

**-डा. जयंती लाल भंडारी**
**विख्यात अर्थशास्त्री**

## पितृसत्तात्मक व्यवस्था को चुनौती देती महिलाएं

फ्रेंच लेखिका सिमोन द बोउवार के अनुसार 'कोई महिला बनकर पैदा नहीं होती, बल्कि वह एक महिला बनती है।' यह कथन ना हमारी सामाजिक व्यवस्था को बताता है, बल्कि पितृसत्तात्मक के साथ वर्चस्व की लड़ाई की भी हिमाकत करता है। महिला दिवस न केवल महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाने का अवसर है, बल्कि उनके संघर्षों और सामाजिक परिवर्तन में उनके योगदान को भी स्वीकार करने का दिन है। महिला दिवस विश्वभर में महिलाओं की उपलब्धियों, संघर्षों और अधिकारों को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। यह दिन लैंगिक समानता, महिलाओं के प्रति भेदभाव को समाप्त करने और उनके सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक योगदान को पहचानने का अवसर प्रदान करता है। इसके पीछे मुख्य उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और एक ऐसा समाज बनाना है जहां महिलाओं को समान अवसर और सम्मान मिले। इस दिन विभिन्न कार्यक्रम, सेमिनार, चर्चाएं और रैलियां आयोजित की जाती हैं, जो महिलाओं की भूमिका को सशक्त बनाने और उनके अधिकारों की रक्षा करने पर जोर देती हैं। महिला दिवस का इतिहास 20वीं शताब्दी की शुरुआत से जुड़ा है, जब महिलाओं ने अपने अधिकारों, बेहतर कार्य स्थितियों और मतदान के अधिकार के लिए आंदोलन शुरू किए। 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया गया, क्योंकि 1917 में रूस की महिलाओं ने इसी दिन एक बड़ी हड़ताल की थी, जिससे वहां क्रांति का मार्ग प्रशस्त हुआ।

यह दिन न केवल महिलाओं की प्रगति का जश्न मनाने का अवसर है, बल्कि यह भी याद दिलाता है कि अभी भी कई चुनौतियां बनी हुई हैं, जिन्हें हल करने के लिए हमें मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है। भारत में जहां पितृसत्तात्मक संरचनाएं गहरी जड़ें जमा चुकी हैं, वहीं महिलाओं ने समय-समय पर इन व्यवस्थाओं को चुनौती देते हुए अपनी पहचान स्थापित की है। महिलाओं की स्थिति में ऐतिहासिक रूप से महत्त्वपूर्ण बदलाव आए हैं। पहले जहां समाज में उन्हें केवल घरेलू भूमिकाओं तक सीमित रखा जाता था, वहीं आज वे विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। शिक्षा, राजनीति, विज्ञान, खेल, व्यापार और टेक्नोलॉजी में उनकी भागीदारी लगातार बढ़ रही है। यह बदलाव महिलाओं की सशक्तिकरण की दिशा में किए गए संघर्षों और आंदोलनों का परिणाम है। पितृसत्तात्मक व्यवस्था का सामना करने के लिए महिलाओं ने विभिन्न तरीकों से संघर्ष किया है। सबसे पहले शिक्षा को प्राथमिकता दी गई, जिससे महिलाओं को अपनी स्थिति सुधारने और अधिकारों के प्रति जागरूक होने का अवसर मिला। 19वीं और 20वीं सदी में हुए नारीवादी आंदोलनों ने महिलाओं को सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक अधिकार दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उदाहरण के रूप में, भारत में सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं की शिक्षा के लिए संघर्ष किया, जिससे लड़कियों के स्कूल शुरू किए गए। अमरीका में सुसान बी. एंथनी और एलिजाबेथ कैडी स्टैंटन ने महिलाओं को वोटिंग अधिकार दिलाने के लिए आंदोलन किया। आधुनिक समय में, मलाला यूसुफजई ने बालिका शिक्षा के अधिकार के लिए अपनी आवाज उठाई और नोबेल पुरस्कार जीता। आज महिलाएं राजनीति में प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति बन रही हैं, कॉर्पोरेट जगत में शीर्ष पदों पर पहुंच रही हैं, खेलों में विश्व रिकार्ड बना रही हैं और विज्ञान व तकनीक में क्रांतिकारी खोज कर रही हैं। हालांकि, अभी भी लैंगिक असमानता, वेतन में भेदभाव और हिंसा जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं, जिनका निरंतर समाधान निकालना आवश्यक है।

ऐतिहासिक रूप से देखें तो भारत की महिलाएं सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक बदलाव की वाहक रही हैं। रानी लक्ष्मीबाई, सावित्रीबाई फुले, सरोजिनी नायडू जैसी विभूतियों ने स्वतंत्रता संग्राम और सामाजिक सुधारों में अग्रणी भूमिका निभाई। आधुनिक भारत में कल्पना चावला, मैरी कॉम, पीवी. सिंधु, किरण मजूमदार शॉ और स्नेहा दुबे जैसी महिलाओं ने पुरुष प्रधान क्षेत्रों में अपना वर्चस्व साबित किया है। पितृसत्तात्मक व्यवस्था केवल एक सामाजिक संरचना नहीं है, बल्कि यह एक मानसिकता भी है जो महिलाओं को सीमित करने का प्रयास करती है। यह व्यवस्था उन्हें घरेलू भूमिकाओं तक सीमित रखने, उनके करियर विकल्पों को नियंत्रित करने और उनके निर्णय लेने की क्षमता को प्रभावित करने का काम करती है। लेकिन महिलाओं ने इन बाधाओं को तोड़ते हुए हर क्षेत्र में खुद को सिद्ध किया है। शिक्षा और जागरूकता ने महिलाओं की स्थिति को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। महिलाओं की बढ़ती शिक्षा दर ने उनके आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण को संभव बनाया है। कार्यस्थलों पर लैंगिक समानता के लिए संघर्ष, घरेलू हिंसा और उत्पीडन् के खिलाफ आवाज उठाना तथा राजनीति में बढ़ती भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि महिलाएं पितृसत्ता की जड़ों को हिला रही हैं। कानूनी सुधारों और सरकारी योजनाओं ने भी महिलाओं के उत्थान में योगदान दिया है।

हालांकि, केवल कानूनों से मानसिकता नहीं बदलती, इसके लिए निरंतर सामाजिक परिवर्तन की आवश्यकता है। महिला दिवस केवल एक दिन की औपचारिकता नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे महिलाओं की उपलब्धियों को स्वीकार करने और उनके अधिकारों की रक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बनाना चाहिए। जब महिलाएं अपनी क्षमता को पहचानकर अपनी सीमाओं को लांघती हैं, तो वे न केवल स्वयं को सशक्त करती हैं, बल्कि समाज में एक बड़ा बदलाव भी लाती हैं। भारत में महिलाओं की यह प्रगति साबित करती है कि वे किसी भी पितृसत्तात्मक व्यवस्था से कहीं अधिक सशक्त और समर्थ हैं।

**-सिकंदर बंसल, शिक्षाविद**

## राशिफल

**फाल्गुन शुक्ल पक्ष द्वादशी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
कलह से बचें। भौतिक सुख संपदा में वृद्धि होगी। भूमि, भवन और वाहन की खरीदारी संभव है।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। स्वास्थ्य नरम गरम रहेगा। प्रेम, संतान का भी भरपूर सहयोग नहीं मिलेगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
जुबान पर नियंत्रण रखें और जुआ, सट्टा, लॉटरी में पैसे न लगाएं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
हर कार्यों के प्रति सकारात्मक रुख अपनाएंगे। ऊर्जा में बढ़ोतरी होगी। जरूरत के हिसाब से वस्तुएं जीवन में होंगी।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
मन परेशान रहेगा। सिर दर्द, नेत्र पीड़ा संभव है। प्रेम, संतान अच्छा है। व्यापार अच्छा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
आय के नवीन स्रोत बनेंगे। पुराने स्रोत से भी पैसे आएंगे। यात्रा का योग बनेगा। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
कोर्ट कचहरी में विजय मिलेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार अच्छा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
भाग्य साथ देगा। यात्रा का योग बनेगा। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम रहेगा। प्रेम, संतान, व्यापार अच्छा रहेगा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। चोट चपेट लग सकती है। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम, संतान अच्छा है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान मध्यम।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
शत्रुओं पर दबदबा कायम रहेगा लेकिन डिस्टरबेंस बना रहेगा। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम संतान मध्यम।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
भावुक मन से लिया गया निर्णय नुकसान करेगा। अभी महत्वपूर्ण निर्णय रोक कर रखें। बच्चों की सेहत पर ध्यान दें।

# महिलाओं का सम्मान ही हमारी संस्कृति : बिजेन्द्र गुप्ता

## एमिटी में अंर्तराष्ट्रीय दिवस 2025 पर त्रिदिवसीय कार्यक्रम







**नोएडा ( चेतना मंच )।** अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एमिटी विश्वविद्यालय द्वारा ''अधिकार, समानता और सशक्तीकरण-सभी महिलाओं और बालिकाओं के लिए'' विषय पर त्रिदिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ दिल्ली विधानसभा के सभापति विजेंद्र गुप्ता, पूर्व लोकसभा सांसद श्रीमती लॉकेट चैटर्जी, एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला, फोर्टिस अस्पताल गुडगांव की न्यूक्लियर मेडिसिन की वरिष्ठ निदेशक डा इशिता बी सेन, प्रिया वॉरिक फिनिशिंग एकेडमी की चेयरपरसन सुश्री प्रिया वॉरिक, एमिटी विश्वविद्यालय के अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस की चेयरपरसन डा शेफाली रायजादा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए दिल्ली विधानसभा के सभापति विजेंद्र गुप्ता कहा हमारे समाज में देश व संस्कृती में महिलाओं को विशेष स्थान प्रदान किया गया है और देवी के स्वरूप में उनकी पूजा होती है। महिलाओ का सम्मान ही हमारी संस्कृती का घोतक है। हिंदू संस्कृती में पर्दा प्रथा नही होता था और महिलाओ और पुरूषों को समान अधिकार प्राप्त थे। यह कार्यक्रम महिलाओं के अवसरों की उपलब्धियों को मनाने का अवसर है। अगर देश को सशक्त और विकसित बनाना है महिलाओ की भूमिका राष्ट्र निर्माण में सुनिश्चित करनी होगी। आज लगभग हर क्षेत्र चाहे शासन हो प्रसाशन, भारतीय सेना हो अंतरिक्ष, चिकित्सा हो या खेल, रक्षा या ड्रोन सभी में शक्ती बनकर उभरी है। श्री गुप्ता ने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए कई योजनाओ जैसे बेटी बचाओ, बेटी पढओ, उज्जवता योजना, महिलाओं को आरक्षण प्रदान करके समान अवसर देने का माहौल बनाया गया है।

पूर्व लोकसभा सांसद श्रीमती लॉकेट चैटर्जी ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में रानी लक्ष्मीबाई, अमृता प्रीतम ने समय समय पर स्वंय के सशक्तीकरण को दर्शाया है और वर्तमान में इसरों की महिला ॱअतरिक्ष वैज्ञानिकों ने चंद्रयान के मिशन को सफल बना कर अपनी दक्षता साबित की है। भारत मे मिले समान अवसरों ने महिलाओं के नेतृत्व के गुण, चुनौतियों से निपटने और निणय लेने की क्षमता को दिखाया है। 2014 के उपरांत सरकार द्वारा की गई पहल जैसे बेटी बचाओ व बेटी पढ़ाओ ने कन्या की शिक्षा, उज्जवला योजना ने स्वास्थय, सुकन्या समृद्धि योजना, व्यापार प्रारंभ करने के लिए ऋण योजना आदि ने सशक्त बनाया।

इस अवसर पर फोर्टिस अस्पताल गुडगांव की न्यूक्लियर मेडिसिन की वरिष्ठ निदेशक डा इशिता बी सेन, प्रिया वॉरिक फिनिशिंग एकेडमी की चेयरपरसन सुश्री प्रिया वॉरिक ने अपने विचार रखे। अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस की अध्यक्ष डा शेफाली रायजादा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और सह अध्यक्ष डा अल्पना गोयल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** बिरौंडा गांव में होली के पावन पर्व पर बाबा मोहन राम मंदिर में ग्यारस एकादशी के दिन परंपरागत रूप से बम-नगाड़े बजाकर होली की शुरुआत हुई। इस अवसर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें महिलाओं और पुरुषों ने एक-दूसरे को संटी-संट्टा मारकर और गुलाल लगाकर होली खेली।

मंदिर परिसर में बने तालाब पर लटूरी मुंडन संस्कार किया गया, जिसमें बच्चों का मुंडन हुआ और नवविवाहित जोड़ों ने घंट-जोड़े की जात लगाई। आसपास के अनेक गाँवों से भारी संख्या में महिला और पुरुष अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए बाबा के मंदिर में पहुँचे और प्रसाद ग्रहण किया। होली का विशेष रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रसिद्ध होली गायक नीरज भाटी (घरबरा), रवि नगर (ऐच्छर), सुभाष बिरौंडी, गौरव भाटी (डाबरा) और विनोद भाटी (बिरौंडा) ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में मंदिर समिति के सदस्य एवं गणमान्य लोग शामिल हुए, जिनमें चेनपाल प्रधान, राकेश नंबरदार, प्रमोद मुखिया, धर्मवीर नंबरदार, अशोक नंबरदार, मैमबीर, संगीत भाटी, रोहित देवघर, कंवर सिंह भाटी, पवन भाटी, राजकुमार भाटी सहित कई प्रमुख व्यक्ति उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के कार्यकारिणी की मासिक बैठक संपन्न




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ दनकौर ब्लॉक कार्यकारिणी की मासिक बैठक का आयोजन प्राथमिक विद्यालय सक्का में किया गया। बैठक की अध्यक्षता रिटायर्ड शिक्षक गौरी दत्त शर्मा ने की, जबकि इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मेघराज भाटी एवं जिलाध्यक्ष प्रवीण शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

बैठक में पहुंचे समस्त पदाधिकारियों का विद्यालय के प्रधानाध्यापक नवनीत तिवारी द्वारा चादर, शॉल, पट्टा, माला एवं गुलदस्ता भेंट कर जोरदार स्वागत किया गया।

बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष सतीश पीलवान एवं मंत्री रामकुमार शर्मा ने मानव संपदा पोर्टल पर शुद्धिकरण, प्रोन्नति, चयन वेतनमान, प्रोन्नत वेतनमान, सरकारी एवं राज्यकर्मियों की भांति कैशलेस स्वास्थ्य बीमा, पुरानी पेंशन बहाली, 15 मार्च का होली अवकाश और उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा में शिक्षकों की ड्यूटी के मानदेय जैसे ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की।

जिलाध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने आश्वासन दिया कि होली के बाद इन सभी समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। इसके अलावा, मंडल अध्यक्ष मेघराज भाटी ने एचआरए विसंगति को दूर करने के लिए वित्त सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार से मुलाकात कर समाधान निकालने का आश्वासन दिया।

बैठक में मंडल मंत्री (मेरठ मंडल) मेघराज भाटी, जिला संरक्षक अशोक शर्मा, जिला अध्यक्ष प्रवीण शर्मा, जिला मंत्री गजन भाटी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष बलेराम नागर, ब्रजेशपाल सिंह, सरिता यादव, प्रीति पाण्डेय, अतुल उपाध्याय, जिला संगठन मंत्री राजीव शर्मा, माला बजाज, ब्लॉक संरक्षक ज्योतिर्मय पाण्डेय, ब्लॉक अध्यक्ष सतीश पीलवान, ब्लॉक मंत्री रामकुमार शर्मा, ब्लॉक कोषाध्यक्ष निर्मला त्यागी, ब्लॉक संयुक्त मंत्री प्रदीप आर्य, ब्लॉक अकाउंटेंट धीरज शर्मा, ब्लॉक आय-व्यय निरीक्षक अर्चना सक्सेना, ब्लॉक उपाध्यक्ष विनीत रावत, शौकत अली, देवीराम शर्मा, ब्लॉक संगठन मंत्री वीर सिंह, कपिल भाटी, नवनीत तिवारी, राजन मलिक, प्रतिभा अवस्थी, ब्लॉक प्रचार मंत्री दीप्ति यादव, सुदर्शन शर्मा, ब्लॉक कार्यकारिणी सदस्य आरती कुलश्रेष्ठ, लक्ष्मी गुरु रानी, अरुण नाथ तिवारी, एवं संघनिष्ठ सदस्य अजीत नागर, श्याम सिंह विकल, ममता चौधरी, चारुल शर्मा, लता कनौजिया, नीरा भटनागर एवं रिटायर्ड शिक्षक शिव दत्त शर्मा सहित कई अन्य शिक्षक व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पृष्ठ एक के शेष....

**ओमेक्स फॉरेस्ट सोसायटी...**

एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया। आग के कारण ऊपरी मंजिल में रखा सामान जलकर राख हो गया। राहत की बात यह रही कि हादसे में किसी भी व्यक्ति को नुकसान नहीं पहुंचा।

**मुस्लिमों के इलाज के...**

भइया इनके लिए अलग से वार्ड बनवा दें. ताकि ये अलग से इलाज करवा सकें। क्योंकि इन्हें हमारे साथ रहने में दिक्कत होती है. क्योंकि हमारा इलाज तो होना ही है।

**रंग से बचना है तो...**

नमाज होली खेलने के वक्त ही पढ़नी है तो मेरा सुझाव है कि जैसे बेगम हिजाब पहनती हैं, वैसे ही एक तिरपाल पहन लें, ताकि रंगों से बच जाएं।

**महाकुंभ में सफाईकर्मियों...**

यह ऐतिहासिक है। हर भारतीय के मन में था की पवित्र त्रिवेणी में स्नान करें। अफ़वाह फैलाने वालों को जनता ने उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया, नकारात्मक लोगों को जनता ने कहा - यह पवित्र साधना है।

सफाई कर्मचारियों के सम्मान कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने कहा महाकुंभ में देश विदेश चारों दिशाओं से लोग आये,हर व्यक्ति आतुर था ,और व्यवस्था ऐसी हुई कि 66 करोड़ तीस लाख लोगों ने पवित्र स्नान किया, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन मार्गदर्शन में स्वच्छता और सुरक्षा की व्यवस्था की गई उसकी सभी ने प्रशंसा की।

इस कार्यक्रम में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, छरू विशाख और प्रमुख सचिव सूचना संजय प्रसाद ने भी इस समारोह में शिरकत की। अधिकारियों ने सफाई योद्धाओं के योगदान को सराहा और उन्हें सम्मानित करने के लिए मुख्यमंत्री के इस कदम की प्रशंसा की।

**अमेरिका बाजार में...**

बीएसई का सेंसेक्स इंडेक्स अपने पिछले बंद 74,115.17 की तुलना में गिरकर 73,743.88 पर ओपन हुआ और कुछ ही मिनटों में 400 अंकों से ज्यादा फिसलकर 73,672 के लेवल तक टूट गया। दूसरी ओर एनएसई का निफ्टी इंडेक्स भी सेंसेक्स की चाल से चाल मिलाकर चलता नजर आया। ये सोमवार के अपने बंद 22,460.30 की तुलना में टूटकर 22,345.95 पर ओपन हुआ और मिनटों में 130 अंक से ज्यादा की गिरावट लेकर 22,314 के लेवल पर कारोबार करता नजर आया।

**फोनरवा के होली मिलन...**

वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक मिश्रा, विजय भाटी, संरक्षक त्रिलोक शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार एसएस अवस्थी विनोद शर्मा, संतोष सिंह, जगदीश शर्मा, अरुण सिन्हा, अम्बरीश त्रिपाठी, डा. नरेन्द्र यादव, अनुराग सिंह, पवन सिंह, संगीता चौधरी, राजेश शर्मा, शनम यादव, तृप्ति श्रीवास्तव समेत कई पत्रकार तथा फोनरवा के पदाधिकारी एवं सेक्टर 62 रजत विहार के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अमित नागपाल , सेक्टर-11 के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अनुज गुप्ता, सेक्टर-82 के पॉक्टि 7 के अध्यक्ष राघवेन्द्र दुबे समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

इस समारोह का संचालन राष्ट्रीय स्तर के प्रसिद्ध कवि विनोद पांडे ने किया। कार्यक्रम के दौरान कई प्रतिष्ठित हस्तियों को पटका ओढ़ाकर सम्मानित भी किया गया।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com

## क्रिकेट मैच के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** इंडस्ट्रियल वेलफेयर एसोसिएशन साइट-4 द्वारा द रॉयल हैबिटेट क्लब, ग्रेटर नोएडा में होली मिलन समारोह बड़े ही धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अमित द्विवेदी (उपायुक्त, जीएसटी) और सुबोध त्यागी (उपाध्यक्ष, एनपीसीएल) उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दिन भारत और न्यूजीलैंड का फाइनल क्रिकेट मुकाबला था, जिसे ध्यान में रखते हुए संस्था द्वारा बड़ी स्क्रीन पर सीधा प्रसारण (लाइव प्रसारण) दिखाया गया, जिसका लोगों ने भरपूर आनंद उठाया। इस समारोह में रवि दत्त शर्मा, राजेंद्र अग्रवाल, मनोज गर्ग, शैलेन्द्र सिंघल, मुकुल गोयल, अरुण गुप्ता, शिव कुमार शर्मा, विशाल जैन, डी.के. गर्ग, नवनीत गुप्ता, मोनू जेवर, कुलदीप शर्मा, ओमप्रकाश अग्रवाल, धोलाराम, मुकेश गोयल, आदित्य अग्रवाल, विकास गर्ग, रामावतार अग्रवाल, हरेंद्र भाटी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर औराई में मातृशक्ति का सम्मान

**भदोही।** औराई विधानसभा के अंतर्गत ब्लॉक सभागार, औराई में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं के योगदान को सराहा गया और उन्हें स्वावलंबी बनाने की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. रश्मि सिंह (ज्ञानपुर) रहीं, जबकि अति विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला प्रभारी एवं खादी ग्राम उद्योग आयोग के सदस्य नागेंद्र रघुवंशी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने की।

इस अवसर पर डॉ. रश्मि सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। केंद्र द्वारा पारित 33त्न आरक्षण सहित कई योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की प्रक्रिया लगातार जारी है। सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि महिलाओं को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

जिला प्रभारी नागेंद्र रघुवंशी ने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए कृतसंकल्पित है, जबकि सपा, बसपा और कांग्रेस की सरकारों में महिलाओं का शोषण और अत्याचार किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और अवसर प्रदान किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में कई महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिनमें श्रीमती किरण देवी, श्रीमती रेणु, श्रीमती रजनी विश्वकर्मा, श्रीमती ममता देवी, श्रीमती जीना, उषा देवी, सुषमा, प्रियंका देवी, जिला अध्यक्ष वंदना दुबे, आरती सिंह, रीना श्रीवास्तव, पूनम लक्ष्मी, नीलम दुबे, मुस्कान, मनीषा, पूनम मंडल अध्यक्ष सुरियावा स्वरूप, गोवर्धन राय, राजबली मिश्रा, मनीष पांडे, संतोष सिंह, राजेंद्र पाल बघेल, शिवम दीपक सिंह, अखिलेश सिंह बघेल, चिंटू, साधु तिवारी, दीपक तिवारी, दीपम शिवलाल मौर्य समेत तमाम भाजपा कार्यकर्ता भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

## जाट समाज ने मनाया होली मिलन







**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जाट समाज ने इस वर्ष होली मिलन का कार्यक्रम सेक्टर पाई-2 स्थित स्वर्ण पैलेस में आयोजित किया गया।समाज के अध्यक्ष आर.बी सिंह ने बताया जाट समाज हर वर्ष आपसी भाईचारे के लिए होली मिलन का आयोजन करता है एवं इस वर्ष फूलों द्वारा होली खेली गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ राजकुमार सांगवान सांसद बागपत लोकसभा रहे।

डॉ राजकुमार सांगवान ने इस अवसर पर समाज में शिक्षा पर जोर देने का आह्वान किया ताकि नई पीढ़ी समाज को आगे बढ़ा सके।कार्यक्रम में समाज के बच्चों एवं महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई एवं बाहर से आए लोक कलाकारों ने होली के रसिया से भी उपस्थित लोगों को मनोरंजन किया।

कार्यक्रम का संचालन समाज के महासचिव श्री गजेन्द्र सिंह एवं डॉ. प्रीति चौधरी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सूरजपाल सिंह,अनिल चौधरी, जयपाल सिंह, जगदीश पाल सिंह,राजीव अत्री, वीरेन्द्र पूनिया, जुगेन्दर तालान एवं अन्य कार्यकारिणी सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

## दीदी की रसोई ने किया होली मिलन का आयोजन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** दीदी की रसोई ट्रस्ट की अध्यक्ष रितु सिन्हा के नेतृत्व में हनुमान मंदिर सेक्टर- 20, नोएडा सभागार में होली मिलन व अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी डॉक्टर अशोक श्रीवास्तव, डॉक्टर सरोज मिश्रा, मंजू सूद विमला बाथम पूर्व विधायक ने हिस्सा लिया। और दीप प्रचलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। और सामाजिक कार्यों के लिए वरिष्ठ समाजसेविका सरिता चंद, आशा गुप्ता, दीपा, मंजू शर्मा,इन्दू, शारदा सिंगल, रीमा आदि महिलाओं को सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम में दीदी की रसोई टेस्ट के वरिष्ठ पदाधिकारी सुरेश अग्रवाल, गंगेश्वर दत्त शर्मा, सविता, गुड़िया देवी, सुमति, विनोद शर्मा आदि मौजूद रहे।

दीदी की रसोई ट्रस्ट की अध्यक्ष श्रीमती रितु सिन्हा, कोषाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कार्यक्रम में शामिल हुए सभी लोगों को शुक्रिया अदा किया और दीदी की रसोई ट्रस्ट की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस और होली के पावन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए अपील किया कि पर्यावरण के अनुकूल और स्वास्थ्यवर्धक होली मनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि उत्साह के साथ प्राकृतिक हर्बल रंगों के साथ अच्छे से होली का पर्व सभी मिलजुलकर बनाएं।




**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कामर्शियल काम्पलेक्स, ब्लाक पी 2. सैक्टर-ओमेगा 1, ग्रेटर नोएडा. पिन कोड-201308 जिला- गौतमबुद्धनगर उ0प्र0 दूरभाष नं0-01202395150

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के एल0एफ0डी0 परियोजना के अन्तर्गत आवंटित भवन / भूखण्ड सं0 P2-101 IN PAVILION COURT TOWER 02 AT JAYPEE GREEN WISH TOWN, SECTOR-128, AREA-125.98 SQM जोकि AJAY KUMAR AHUJA के नाम पर सबलीज डीड है। सबलेसी LATE AJAY KUMAR AHUJA की मृत्यु उपरान्त उक्त सम्पत्ति का सम्पूर्ण भाग को उनकी पत्नी MRS. ARUNA AHUJA के पक्ष में नामांतरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया गया है।

अतः इस नामांतरण (Death Mutation) के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति है तो प्रकाशन कि तिथि से 35 दिनों के भीतर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में MR. AJAY KUMAR AHUJA के सम्पूर्ण भाग को उनकी पत्नी MRS. ARUNA AHUJA के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

**प्रबन्धक ( सम्पत्ति )**

**खास खबर**

## पेप्सिको का भारत में अपना राजस्व दोगुना करने का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** पेप्सिको ने घोषणा की है कि कंपनी अगले पांच वर्षों में भारत में अपने राजस्व को दोगुना करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि पेप्सिको भारत को एक प्रमुख बाजार के रूप में देख रही है और इसे वृद्धि के इंजन के रूप में मान रही है। अधिकारी ने कहा कि पेप्सिको भारत में तीन बाजारों की शीर्ष तीनों में से एक है, जहां उन्होंने दहाई अंक की वृद्धि देखी है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि कंपनी उत्तर प्रदेश और असम में नए संयंत्रों में निवेश किया है और दो अतिरिक्त संयंत्र खोलने की योजना बना रही है। पेप्सिको के भारत एवं दक्षिण एशिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ने कहा है कि कंपनी अगले पांच वर्षों में भारत में अपना राजस्व दोगुना करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। कंपनी भारत को एक प्रमुख बाजार के रूप में देख रही है, जहां वह अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए आक्रामक निवेश कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत पेप्सिको के लिए वैश्विक राजस्व बढ़ाने में वृद्धि का इंजन होगा, क्योंकि यह कंपनी के लिए शीर्ष तीन बाजारों में से एक है, जहां वह दहाई अंक की वृद्धि दर्ज कर रही है।

## दुनियाभर में इस साल गेहूं उत्पादन बढ़ने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** इस साल दुनियाभर में गेहूं का उत्पादन 79.6 करोड़ टन पहुंचने की उम्मीद है, जो 2024 के लिए एक फीसदी से अधिक वृद्धि होगी। एक रिपोर्ट के अनुसार यूरोपीय संघ और अमेरिका में गेहूं की पैदावार में वृद्धि की संभावना है, लेकिन कुछ क्षेत्रों में मौसम के प्रतिकूल प्रभाव के कारण उत्पादन पर असर देखा जा सकता है। धान उत्पादन में भी सकारात्मक संकेत हैं, जिससे 2024-25 में वैश्विक धान उत्पादन 54.3 करोड़ टन तक पहुंच सकता है। इस वृद्धि के पीछे भारत, कंबोडिया, और म्यांमार का योगदान है। हालांकि, खाद्य में गेहूं के उपयोग में कुछ कमी हो सकती है, लेकिन खाद्य और कारखानों में उपयोग बढ़ सकता है। वैश्विक अनाज भंडार की कमी के चलते 45 देशों की खाद्य सुरक्षा पर खतरा है, विशेष रूप से गाजा और सूडान में। संगठन ने चेतावनी दी है कि तीव्र खाद्य असुरक्षा की स्थिति बनी हुई है और इस चुनौती से निपटने के लिए कठिन पहलू होंगे। इन खतरों के बीच, संयुक्त राष्ट्र और उनके सदस्य देशों को सहयोग करने की आवश्यकता है ताकि खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में सुधार हो सके।

## ब्रिगेड इंटरप्राइजेज दे सकता है 52 फीसदी रिटर्न

**नई दिल्ली।** ब्रोकरेज ने ब्रिगेड इंटरप्राइजेज पर बाय रेटिंग बरकरार रखते हुए उसका टार्गेट प्राइस घटाकर 1448 रुपए कर दिया है। अनुसंधान के अनुसार, इस स्टॉक में आने वाले समय में 52 फीसदी तक का रिटर्न देने की संभावना है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की दिसंबर तिमाही में 5400 करोड़ रुपये की मजबूत बिक्री बुकिंग दर्ज की है। इसके साथ ही दो नए प्रोजेक्ट्स में 3500 करोड़ रुपये के ग्रॉस डेवलपमेंट वैल्यू के साथ अविकसित हैं। ब्रिगेड इंटरप्राइजेज के शेयर का मौजूदा भाव 1,451.90 से 34 फीसदी करेक्शन में आ चुका है। ब्रोकरेज का मानना है कि आने वाले दिनों में इस शेयर में जोरदार तेजी आएगी।

# जीडीपी वृद्धि दर में आयेगी तेजी : गोल्डमैन सैश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश की आर्थिक वृद्धि दर और कॉरपोरेट आय को लेकर भारतीय इक्विटी बाजारों का बुरा दौर समाप्त हो चुका है। ग्लोबल ब्रोकरेज कंपनी गोल्डमैन सैश का यह मानना है। गोल्डमैन सैश ने अपने नोट में कहा कि अमेरिका की ओर से पारस्परिक टैरिफ के कारण पैदा हुए वैश्विक चुनौतियों के चलते बाजार में अस्थिरता अधिक बनी रहेगी। भारत की जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में 6.4 प्रतिशत पर रही है। जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में 6.4 प्रतिशत पर रही भारत की जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में 6.4 प्रतिशत पर रही है। ब्रोकरेज




के अर्थशास्त्रियों के अनुसार इसकी वजह निजी खपत में सुधार होना है। कहा कि भारत की जीडीपी वृद्धि दर में गिरावट निचले स्तर पर पहुंच गयी है। अब इसमें रिकवरी ही देखने को मिलेगी। जनवरी में विभिन्न क्षेत्रों में हाई-फ्रीक्वेंसी इंडिकेटर्स ने ग्रामीण गतिविधि में तेजी दिखाई। जनवरी में विभिन्न क्षेत्रों में हाई-फ्रीक्वेंसी इंडिकेटर्स ने ग्रामीण गतिविधि में तेजी दिखाई। भारत का लंबी अवधि का आउटलुक मजबूत बना हुआ है गोल्डमैन सैश के अनुसार अगली चार तिमाहियों में वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत से 7 प्रतिशत के बीच रहने की उम्मीद है और कैलेंडर वर्ष 2025 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर सालाना आधार पर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। पिछले सप्ताह एचएसबीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि भारत का लंबी अवधि का आउटलुक मजबूत बना हुआ है। निजी निवेश बढ़ने से भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में हिस्सेदारी बढ़ाने में मदद मिलेगी इन्फ्रास्ट्रक्चर और मैन्युफैक्चरिंग में सरकारी निवेश और निजी निवेश में वृद्धि एवं रियल एस्टेट चक्र में सुधार के कारण निवेश चक्र मध्यम अवधि में तेजी की ओर रहने का अनुमान है। निजी निवेश बढ़ने से भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में हिस्सेदारी बढ़ाने में मदद मिलेगी। साथ ही विकास को भी सपोर्ट मिलेगा। उम्मीद जताई गई कि रिन्यूएबल एनर्जी और इससे जुड़ी सप्लाई चेन में निजी निवेश बढ़ने और उच्च गुणवत्ता वाले टेक्नोलॉजी उपकरणों के स्थानीयकरण से भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में हिस्सेदारी बढ़ाने में मदद मिलेगी। इससे विकास को भी सपोर्ट मिलेगा। सरकार जीडीपी वृद्धि दर को बढ़ाने को लेकर लगातार काम कर रही है भारत सरकार जीडीपी वृद्धि दर को बढ़ाने को लेकर लगातार काम कर रही है। केंद्र सरकार का पूंजीगत व्यय वित्त वर्ष 25 में 7 प्रतिशत रह सकता है। वित्त वर्ष 26 में इसके 10 प्रतिशत पर रहने का अनुमान जताया गया है। इसके अलावा आरबीआई मौद्रिक नीति में भी ढील दे रहा है, जिससे विकास दर को बढ़ावा मिलेगा।

## रानी चटर्जी का तूफानी अंदाज : शेमारू उमंग के शो जमुनीया में दिखा दमदार किरदार



**मुंबई।** एक तरफ जहां शो की मुख्य किरदार 'जमुनीया' सुंदरता को लेकर समाज की रूढ़िवादी सोच को चुनौती दे रही है, वहीं उनके जीवन में एक और बड़ा तूफान आने वाला है! शेमारू उमंग के बहुप्रतीक्षित शो 'जमुनीया' को लेकर दर्शकों में पहले से ही काफी उत्सुकता है और अब इस शो में एक धमाकेदार एंट्री को लेकर काफी चर्चा है, जिस अभिनेत्री का नाम है भोजपुरी इंडस्ट्री की चर्चित कलाकार रानी चटर्जी जो जमुनिया के जीवन में कई रोमांचक मोड़ लेकर आएंगी। हालांकि, मेकर्स ने उनके किरदार के बारे में ज्यादा खुलासा नहीं किया है, लेकिन खुद रानी चटर्जी ने इस भूमिका को लेकर उत्साहित अपने अंदाज में बताया, ३मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं निगेटिव किरदार निभाऊंगी, लेकिन दर्शकों ने हमेशा मेरे सभी किरदारों को पसंद किया है और एक कलाकार होने के नाते मैं वही देना चाहती हूँ जो लोग देखना चाहते हैं! अपने किरदार मधुमति के बारे में अभी ज्यादा रिवील नहीं करुँगी, जिसकी वजह आपको यह शो देखने के बाद पता चलेगी। अपनी अनोखी कहानी, दमदार स्टारकास्ट और रानी चटर्जी के रहस्यमयी किरदार के साथ, जमुनीया शो समाज में गहराई से जड़ें जमा चुके सुंदरता के मानकों और उनके प्रभावों पर रौशनी डालता है।

## टेक्नो होली रंगोत्सव : त्यौहार की जीत का जश्न




**नई दिल्ली।** होली सिर्फ रंगों का त्यौहार नहीं, बल्कि जश्न, अपनापन और खुशियों का मौका भी है। इस बार टेक्नो, जो अपनी इनोवेशन और बेहतरीन सिग्नल कनेक्टिविटी के लिए जाना जाता है, इस त्यौहार को रंगोत्सव के साथ और भी खास बना रहा है, जहां खूब धमाल होगा, मस्ती होगी और ढेर सारे सरप्राइजेस भी। त्यौहार की खुशियों को दुगना करने के लिए टेक्नो ग्राहकों को शानदार इनाम जीतने का सुनहरा मौका दे रहा है। 7 मार्च से लेकर 31 मार्च, 2025 के बीच जो भी ग्राहक नजदीकी रिटेल स्टोर से कोई भी टेक्नो स्मार्टफोन खरीदेंगे, उन्हें सिर्फ एक दफ कोड स्कैन करके और अपनी डिटेल सबमिट करके लकी ड्रॉ में शामिल हो सकते है और खास बात यह है कि 24 खुशकिस्मत विजेताओं को नया स्कूटर, गोल्ड वाउचर और लेटेस्ट टेक्नो स्मार्टफोन जीतने का मौका भी मिलेगा। लकी ड्रॉ का रिजल्ट 4 अप्रैल, 2025 को घोषित किया जाएगा, तो हो जाए तैयार जश्न के लिए। होली का जश्न सिर्फ ग्राहकों तक ही सीमित नहीं है। टेक्नो अपने रिटेल पार्टनर्स के सहयोग और विश्वास की कद्र करता है और इसलिए त्यौहार की खुशी उनके साथ भी बांट रहा है। टेक्नो की ग्रोथ में उनके योगदान उनके भरोसे और समर्थन के लिए आभार व्यक्त करते हुए, ब्रांड ने खासतौर पर रिटेल पार्टनर्स के लिए भी लकी ड्रॉ का आयोजन किया है। जहाँ उन्हें खास तोहफे जीतने का मौका मिलेगा। टेक्नो हमेशा से अपने रिटेल नेटवर्क को अहमियत देता आया है और भारतीय संस्कृति से जुड़ी ऐसी पहल के माध्यम से इन रिश्तों को और मजबूत करता रहता है। लेकिन, मजा यहीं खत्म नहीं होता। टेक्नो अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी होली का रंग जमाए रखेगा।

## बैंकिंग क्षेत्र में भी महिलाओं को मिला सम्मान

**मुंबई।** भारत की सबसे बड़ी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों में से एक, आईआईएफएल फाइनेंस ने महिला कर्मचारियों द्वारा संचालित सात गोल्ड-लोन शाखाएं शुरू की हैं। दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और मुंबई महानगरीय क्षेत्र (एमएमआर) में स्थित ये शाखाएं 'शक्ति' शाखा के रूप में जानी जाएंगी। इनमें से एक शाखा नालासोपारा में शुरू की गई है। परंपरागत उद्यम के उद्घाटन के बाद, आईआईएफएल फाइनेंस ने महिलाओं को वित्तीय सेवाओं में सशक्त बनाने के अपने उद्देश्य को फिर से सिद्ध किया है। ये शाखाएं सभी ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करेंगी, लेकिन महिला उद्यमियों के लिए विशेष लाभ और वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम उपलब्ध



कराएंगी। आईआईएफएल फाइनेंस के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अभिराम भट्टाचार्य ने कहा, आईआईएफएल फाइनेंस के एक चौथाई ग्राहक महिलाएं हैं, जिनकी संख्या विशेष रूप से गैर-बैंकिंग और कम बैंकिंग क्षेत्रों से आती है। इसके अलावा, शाखा स्तर पर हमारे पास बड़ी संख्या में महिला कर्मचारी हैं। महिलाओं के लिए इस पहल के माध्यम से, हम वित्तीय स्वतंत्रता को बढ़ावा देने और एक समावेशी व्यवसायिक पर्यावरण बनाने का उद्देश्य रखते हैं। प्रत्येक 'शक्ति' शाखा पूरी तरह से महिला कर्मचारियों द्वारा चलाई जाती है, जिससे चालीस महिला पेशेवरों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। इन वित्तीय सेवाओं के अलावा, ये शाखाएं महिला उद्यमियों को उनके व्यवसाय के विकास के लिए कौशल विकास कार्यक्रम उपलब्ध कराएंगी। आईआईएफएल फाइनेंस के गोल्ड लोन जोनल हेड, मनीष मयंक ने कहा, महिला उद्यमी भारत की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और हमारे ग्राहक आधार का भी महत्वपूर्ण घटक हैं। शक्ति शाखाओं की शुरूआत के साथ, हम छोटे, गैर-बैंकिंग और कम बैंकिंग महिला उद्यमियों को ऋण और वित्तीय संसाधन प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को पुनर्जीवित करते हैं। महिला दिवस के विशेष अवसर पर, यह पहल शुरू की गई है।

## नथिंग फोन 3ए की बिक्री आज से शुरू



**रांची।** नथिंग, लंदन स्थित प्रौद्योगिकी कंपनी ने 11 मार्च से फ्लिपकार्ट, विजय सेल्स, क्रोमा और भारत के सभी प्रमुख रिटेल स्टोरों पर नथिंग फोन (3ए) सीरीज की ओपन सेल की घोषणा की है। पहले दिन एक विशेष शुरूआती ऑफर के रूप में, फोन (3ए) 19,999 रुपये की कीमत पर उपलब्ध होगा, और फोन (3ए) प्रो 24,999 रुपये (सभी ऑफर सहित) की कीमत पर उपलब्ध होगा।4 मार्च, 2025 को नथिंग ने फोन (3ए) सीरीज को वैश्विक स्तर पर लॉन्च किया, जिसके कैमरा में प्रमुख अपग्रेड शामिल हैं। फोन (3ए) में 50एमपी का मेन सेंसर, सोनी का अल्ट्रा-वाइड सेंसर और 2गुणा ऑप्टिकल जूम वाला 50एमपी का टेलीफोटो लेंस है, जबकि पेरिस्कोप कैमरा वाले फोन (3ए) प्रो में 60 गुणा अल्ट्रा जूम है। सेल्फी के लिए, फोन (3) में 32एमपी का फ्रंट कैमरा है, जबकि प्रो मॉडल में 4ङ वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ 50एमपी का सेंसर है।दोनों फोनों में 3 मोबाइल प्लैटफॉर्म और 5000 की बैटरी है जो एक बार फुल चार्ज होने पर दो दिन तक इस्तेमाल करने की सुविधा देती है। 50 पर अपग्रेडेड फास्ट चार्जिंग के साथ, फोन (3ए) सीरीज 20 मिनट से कम समय में पूरे दिन की पावर (50%) देती है।

## सुखविंदर सिंह ने लॉन्च किया नया गीत नागिनी

**मुंबई।** प्रसिद्ध पार्श्वगायक सुखविंदर सिंह ने अपना नया गाना 'नागिनी' लॉन्च किया है, जो उनके शानदार करियर में एक नए संगीत अध्याय की शुरूआत का संकेत देता है। उनके अपने म्यूजिक लेबल म्यूजिक्वी स्टूडियो के तहत रिलीज किया गया यह गाना उच्च ऊर्जा से भरपूर मनोरंजन ट्रैक है, जिसमें पंजाबी बीट्स और अंतरराष्ट्रीय डांस रिदम्स का शानदार मिश्रण है। सिंह, जो अपनी दमदार और भावपूर्ण आवाज के लिए जाने जाते हैं, ने न केवल 'नागिनी' को गाया है बल्कि इसे कंपोज भी किया है। इस गाने के बोल दिग्गज गीतकार बाबू सिंह मान ने लिखे हैं, जबकि इसकी कोरियोग्राफी प्रसिद्ध लॉलीपॉप ने की है। गाने की प्रेरणा के बारे में बात करते हुए, सुखविंदर सिंह ने



बताया कि यह विचार उनके अमेरिका वर्ल्ड टूर के दौरान आया। मेक्सिको की यात्रा के दौरान उन्होंने भारतीय मूल के कुछ मेक्सिकन लोगों को पंजाबी संगीत पर जोश से नाचते हुए देखा। यह अप्रत्याशित नजारा उनके दिल को छू गया, और उसी जोश व ऊर्जा को उन्होंने 'नागिनी' के जरिए साकार किया। पंजाबी संगीत को सीमाओं से परे जाते देखना एक अविश्वसनीय अनुभव था। उस पल ने 'नागिनी' की आत्मा को गढ़ा, जिससे यह एक सच्चा वैश्विक डांस एंथम बन गया, सिंह ने कहा। यह गाना सुखविंदर सिंह की नई म्यूजिक सीरीज का पहला भाग है, जिसे लेकर उन्होंने खुलासा किया कि हर दो महीने में एक नया गाना रिलीज किया जाएगा। इस सीरीज के हर गाने में अलग-अलग थीम होंगी, लेकिन मनोरंजन का स्तर हमेशा ऊंचा रहेगा। सुखविंदर सिंह दशकों से बॉलीवुड संगीत में एक प्रमुख हस्ती रहे हैं। स्लमडॉग मिलियनेयर के 'जय हो' गाने के लिए उन्हें 2010 में एकेडमी अवॉर्ड और ग्रैमी अवॉर्ड मिला था। इसके अलावा, उन्होंने 'दिल से...' के 'छैंया छैंया' और 'रब ने बना दी जोड़ी' के 'हौले हौले' के लिए दो फिल्मफेयर अवॉर्ड जीते हैं, साथ ही फिल्म 'हैदर' के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार भी प्राप्त किया है।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने हाईलक्स ब्लैक एडिशन पेश किया निर्भीकता, शक्ति व परिष्कृतता का सर्वोत्तम मेल




**रांची।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने भारत में एक नई हाईलक्स ब्लैक एडिशन पेश करने की घोषणा की। यह बेहतरीन लाइफस्टाइल वाला ऐसा यूटिलिटी वाहन है जो कठिन इलाकों में ऑफ-रोडिंग एडवेंचर ड्राइव और शहर में रोजाना इस्तेमाल के लिए सबसे उपयुक्त वाहन की तलाश करने वाले ग्राहकों की चाहत पूरी कर सकता है। ग्राहकों की बदलती अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया, नया हाईलक्स ब्लैक एडिशन अपनी शानदार मजबूती, शक्ति और प्रदर्शन को बरकरार रखते हुए आक्रामक और परिष्कृत ऑल-ब्लैक थीम प्रदान करने का लक्ष्य रखता है।हाईलक्स ब्लैक एडिशन के दिल में 2.8 लीटर फोर-सिलेंडर टर्बो-डीजल इंजन है, जो 6-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन (500 एनएम टॉर्क) के साथ उपलब्ध है। इसका 44 ड्राइवट्रेन एक सहज ऑफ-रोड अनुभव सुनिश्चित करता है, जो इसे प्रदर्शन, शक्ति और परिष्कृतता का सही संयोजन बनाता है। टोयोटा की विश्व स्तरीय इंजीनियरिंग, उन्नत सुरक्षा सुविधाएं और सर्वश्रेष्ठ-इन-क्लास आराम हाईलक्स ब्लैक एडिशन को अपने सेगमेंट में एक स्टैंडआउट बनाते हैं।

## एसएस इनोवेशन्स ने किया भारत की पहली मोबाइल टेली-सर्जिकल युनिट मंत्राएम का अनावरण

**रांची।** भारत के पहले और एकमात्र स्वदेशी सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम एसएसआई मंत्रा के निमार्ता एसएस इनोवेशन्स ने गुरूग्राम स्थित द लीला में दूसरे ग्लोबल एसएसआई मल्टी-स्पेशलटी रोबोटिक सर्जरी कॉन्फ्रैन्स (एसएमआरएससी) 2025 का आयोजन किया। दो दिवसीय कार्यक्रम में दुनिया भर से 1200 से अधिक प्रख्यात चिकित्सा पेशवर शामिल हुए, जिन्हें इस मंच के माध्यम से रोबोटिक सर्जरी की बदलावकारी क्षमता के बारे में जानने का अवसर मिला। एसएमआरएससी 2025 में की गई एक महत्वपूर्ण घोषणा के तहत एसएस इनोवेशन्स ने एसएसआई मंत्रा टेली-सिंक मोबाइल युनिट -एसएसआई मंत्राएम का




अनावरण किया- अपनी तरह की अनूठी यह पहल भारत में रोबोटिक सर्जरी और टेलीमेडिसिन में नया बदलाव लेकर आएगी। यह आधुनिक मोबाइल टेली-सर्जिकल युनिट चिकित्सा तकनीक के आधुनिकीकरण, चिकिसा सेवाओं की बुनियादी सुविधाओं को नया आयाम देने और आधुनिक सर्जिकल देखभाल की पहुंच बढ़ाने के लिए एसएस इनोवेशन्स की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। इसके माध्यम से एसएस इनोवेशन्स मेड-टेक की सीमाओं को पार करने, सर्जिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर में बदलाव लाने तथा रोबोटिक सर्जरी एवं हेल्थ टेक इनोवेशन में ग्लोबल लीडर के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।टेलीसर्जरी की आधुनिक क्षमता के साथ एसएसआई मंत्रा दूरदराज के वंचित क्षेत्रों में विश्वस्तरीय रोबोटिक-असिस्टेड प्रक्रियाओं को सुलभ बनाकर सर्जिकल केयर की सभी बाधाओं को दूर कर रही है। टेली सिंक मोबाइल युनिट में एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम, हाई-स्पीड कनेक्टिविटी और आधुनिक सर्जिकल रोबोटिक्स शामिल है जो रिमोट एवं ऑन-साईट सर्जिकल टीम के बीच रियल टाईम सहयोग को सुनिश्चित करता है। इस इनोवेशन के जरिए सर्जन न्यूनतम लेटेंसी के साथ प्रक्रिया को पूरा कर सकता है, इस तरह आधुनिक सर्जिकल केयर पहले से कहीं अधिक सुलभ हो जाती है। एसएसआई मंत्राएम के लॉन्च पर बात करते हुए डॉ सुधीर श्रीवास्तव, संस्थापक एवं चेयरमैन, एसएस इनोवेशन्स ने कहा, एसएसआई मंत्राएम एक मोबाइल टेलीसर्जिकल युनिट से कहीं बढ़कर है।

## ग्लैमर की दुनिया में सच्चा जुनून व प्रतिबद्धता जरूरी : मानुषी छिल्लर

**मुंबई।** मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर की मेडिकल फील्ड से फिल्मों तक की यात्रा प्रेरणादायक रही है। वह मानती हैं कि ग्लैमर की दुनिया एक चुनौतीपूर्ण क्षेत्र है, जिसमें सच्चा जुनून और प्रतिबद्धता आवश्यक है। आपको इसे वास्तव में पूरे मन से चाहना होगा। मनोरंजन उद्योग में केवल प्रतिभा ही काफी नहीं होती, बल्कि इसके लिए अटूट समर्पण, धैर्य और मानसिक मजबूती भी जरूरी होती है। बॉलीवुड में बिना किसी फिल्मी कनेक्शन के कदम रखने वाली मानुषी नए कलाकारों को करियर के फैसले सोच-समझकर लेने की सलाह देती हैं। वह जल्दबाजी में कोई भी बड़ा फैसला लेने, जैसे कि बिना किसी



योजना के नई जगह शिफ्ट होने या शून्य से शुरूआत करने से बचने की सलाह देती हैं। इसके बजाय, वह बैकअप प्लान रखने पर जोर देती हैं, खासकर उन लोगों के लिए जो मनोरंजन उद्योग में नए हैं। मानुषी के अनुसार, फिल्मों में सफलता का सफर अनिश्चितताओं से भरा होता है और यहां प्रतिस्पर्धा बेहद कड़ी होती है। वह मानती हैं कि प्रतिभा और कड़ी मेहनत जितनी जरूरी है, उतनी ही महत्वपूर्ण वित्तीय और मानसिक स्थिरता भी होती है। यह स्थिरता कलाकारों को हड़बड़ी में जोखिम उठाने के बजाय सोच-समझकर फैसले लेने में मदद करती है। ३मैं कभी भी यह सलाह नहीं दूंगी कि बिना किसी योजना के सबकुछ छोड़कर फिल्म इंडस्ट्री में आ जाएं। अगर आप इस इंडस्ट्री से नहीं हैं और बिल्कुल नए हैं, तो मेरा सुझाव होगा कि पहले अपनी शिक्षा पूरी करें या अपने लिए एक मजबूत आधार तैयार करें, क्योंकि यह सफर आसान नहीं होने वाला है, मानुषी कहती हैं। मानुषी छिल्लर का मानना है कि तैयारी और निरंतरता उतनी ही महत्वपूर्ण हैं, जितना कि जुनून।

# जोमैटो, स्विगी से प्लास्टिक पैकेट्स में खाना मंगाना आपको अस्पताल पहुंचा सकता है

एजेंसी

**मुंबई।** आजकल जोमैटो, स्विगी और अन्य ऑनलाइन फूड डिलीवरी सेवाओं से खाना डिलेवर करना आम बात है। घर बैठे स्वादिष्ट खाना डिलेवर करने की सुविधा ने जीवन को बहुत आसान कर दिया है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह आसान तरीका आपकी सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है, खासकर जब खाना प्लास्टिक के पैकेट्स या कंटेनर्स में आता है। एक अध्ययन से पता चला है कि प्लास्टिक पैकेट्स में खाना खाने से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं, इसमें सबसे गंभीर समस्या हार्ट फेलियर का खतरा है। दरअसल प्लास्टिक एक ऐसा पदार्थ है, जो धीरे-धीरे टूटकर छोटे-छोटे कणों




में बदल जाता है। जब हम प्लास्टिक के कंटेनर या पैकेट में रखा हुआ खाना खाते हैं, तब वह छोटे प्लास्टिक के कण हमारे शरीर में चले जाते हैं। यह कण हमारे पेट की दीवारों को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे सूजन और पेट के अंदर के अंगों पर बुरा असर पड़ सकता है। इसके अलावा, प्लास्टिक के पैकेट्स में इस्तेमाल होने वाले केमिकल्स शरीर में जाकर रक्त प्रवाह को प्रभावित करते हैं, जिससे दिल और अन्य अंगों को नुकसान हो सकता है। स्टडी में पाया गया है कि प्लास्टिक के कंटेनर में भोजन करने से हार्ट फेलियर का खतरा कई गुना बढ़ सकता है। शोध में वैज्ञानिकों ने दो प्रमुख शोध किए। पहले शोध में 3,000 से अधिक चीनी नागरिकों के खानपान की आदतों का विश्लेषण किया गया, जो नियमित रूप से प्लास्टिक के बर्तनों में खाना खाते थे। इस शोध में सामने आया कि इन लोगों में दिल से जुड़ी गंभीर बीमारियों का खतरा अधिक था। दूसरे शोध में, वैज्ञानिकों ने चूहों पर अध्ययन किया। चूहों को इसतरह के पानी में रखा गया, जिसमें काले प्लास्टिक के बर्तनों से केमिकल्स निकल रहे थे। लंबे समय तक इन चूहों को प्लास्टिक के संपर्क में रखने के बाद उसमें हार्ट फेलियर के लक्षण दिखाई दिए। इस शोध से यह निष्कर्ष निकला कि प्लास्टिक के बर्तन और पैकेट्स से निकलने वाले केमिकल्स स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं और दिल की बीमारियों का कारण बन सकते हैं। प्लास्टिक के पैकेट्स में इस्तेमाल होने वाले केमिकल्स जैसे बिस्फेनोल ए (बीपीए) और फथलेट्स शरीर में जाकर हार्मोनल असंतुलन का कारण बन सकते हैं। इसके अलावा, इन केमिकल्स से सूजन और रक्त प्रवाह में समस्या हो सकती है, जिससे दिल पर दबाव बढ़ता है। यदि यह स्थिति लंबे समय तक रहती है, तब इससे हार्ट फेलियर का खतरा बन जाती है। इसके बाद यदि आप जोमैटो या स्विगी से खाना मांग रहे हैं, तब सबसे अच्छा है कि आप उन विकल्पों को चुनें, जो प्लास्टिक के पैकेट्स की जगह बायोडिग्रेडेबल या इको-फ्रेंडली पैकेजिंग का उपयोग करते हों।

## रियल मनी गेमिंग उद्योग निकायों ने आचार संहिता पर हस्ताक्षर किए

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग कंपनियों के प्रतिनिधित्व करने वाले उद्योग निकायों ने साझा क्यू-कोआर्डिनेटेड इंटरेस्ट्स इन गेमिंग (सीओई) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस आचार संहिता में एआईजीएफ, ईजीएफ, और एफआईएफएस शामिल हैं। सीओई के तहत, सदस्य कंपनियों को केवाईसी सत्यापन और खर्च सीमा निर्धारित करने जैसी उपयोगकर्ता सुरक्षा और जिम्मेदार गेमिंग प्रथाएं बढ़ाने की जिम्मेदारी होगी। इन गेमिंग उद्योग निकायों के सदस्यों में लीडर्स जैसे ड्रीम11, माई11सर्किल, खेलो फैंटेसी लाइव, एसजी11 फैंटेसी, विनजो और जंगली गेम्स शामिल हैं।

## सैमसंग के एआई-पावर्ड टीवी पर धमाकेदार ऑफर्स

**रांची।** सैमसंग ने गुड़ी पड़वा, उगादी और होली के मौके पर एक खास फेस्टिव कैंपेन लॉन्च किया है। इस ऑफर के तहत नियो क्यूएलईडी 8के, नियो क्यूएलईडी 4के, ओएलईडी और क्रिस्टल 4के यूएचडी टीवी जैसे प्रीमियम एआई बिग स्क्रीन टीवी पर शानदार डील्स मिलेंगी। यह कैंपेन 5 मार्च से 31 मार्च 2025 तक चलेगा, जिसमें उपभोक्ताओं को अपने होम एंटरटेनमेंट को अपग्रेड करने का बेहतरीन मौका मिलेगा। सैमसंग के प्रीमियम टीवी शानदार पिक्चर क्वालिटी, दमदार साउंड और स्टाइलिश डिजाइन के साथ आते हैं, जो होम एंटरटेनमेंट का अनुभव अगले स्तर तक ले जाते हैं। इस ऑफर में उपभोक्ता चुनिंदा खरीदारी पर ?2,04,990 तक का मुफ्त टीवी या 90,990 रूपए तक का मुफ्त साउंडबार भी पा सकते हैं। इसके अलावा, सैमसंग 20% तक कैशबैक, जीरो डाउन पेमेंट और सिर्फ 2,990 रूपए की शुरूआती एमआई पर 30 महीने तक आसान किस्तों की सुविधा दे रहा है। अगर ग्राहक कोई भी सैमसंग टीवी खरीदते हैं, तो उन्हें सैमसंग साउंडबार पर 45% तक की छूट भी मिलेगी, जिससे वे सिनेमा जैसी बेहतरीन साउंड का मजा घर पर ही ले सकते हैं। ये ऑफर सैमसंग.कॉम, प्रमुख ऑनलाइन पोर्टल्स और पूरे भारत के चुनिंदा सैमसंग रिटेल आउटलेट्स पर उपलब्ध होंगे।

खास खबर

### मुरलीधरन को जम्मू-कश्मीर सरकार के मुफ्त जमीन देने पर उठा विवाद

**श्रीनगर** । श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर मुथैया मुरलीधरन को जम्मू कश्मीर में मुफ्त में जमीन आवंटित किये जाने पर राज्य सरकार घिरती जा रही है। ये मामला विधानसभा में भी उठा पर सरकार ने आरोनों को गलत बताया है। राज्य के मंत्री जावेद अहमद डार ने कहा कि सरकार को इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि एक पूर्व श्रीलंकाई क्रिकेटर को केंद्र शासित प्रदेश में औद्योगिक इकाई स्थापित करने के लिए मुफ्त में जमीन दी गयी है। वहीं सीपीएम के विधायक एम वाई तारिगामी और कांग्रेस विधायक दल के नेता जी ए मीर ने इस मुद्दे पर अपनी चिंताएं व्यक्त कीं। उन्होंने पूछा कि एक श्रीलंकाई क्रिकेटर को फ्री में जमीन कैसे दे दी गई? इसपर कृषि उत्पादन मंत्री डार ने डार ने कहा कि यह राजस्व विभाग से जुड़ा मामला है। हमारे पास कोई जानकारी नहीं है और हम तथ्यों को जानने के लिए इसकी जांच करेंगे। खबरों के अनुसार, पूर्व क्रिकेटर मुरलीधरन की कंपनी ह्यसीलोन बेवरेजेसह्न को कठुआ में बोतल भराई और एल्यूमीनियम केन निर्माण संबंधी 1,600 करोड़ रुपये की यूनिट लगाने के लिए 25.75 एकड़ जमीन आवंटित की गई है। तारिगामी ने किसी का नाम लिए बिना ह्यमुफ्तह्न जमीन आवंटन को लेकर सवाल उठाया और सरकार से जवाब मांगा।

### जूनियर एनटीआर ने टीम इंडिया को बधाई दी

**हैदराबाद** । आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम की जीत के बाद देश भर में जश्न का माहौल है। हर कोई टीम इंडिया के लिए खुशी जाहिर कर रहा है और खिलाड़ियों को बधाई दे रहा है। इसी बीच जूनियर एनटीआर ने भी सोशल मीडिया के जरिये भारतीय टीम को बधाई दी। जूनियर एनटीआर ने लिखा ह्यचैंपियंस ट्रॉफी में शानदार जीत के लिए टीम इंडिया को बधाई, बिना हारे जीतना कोई छोटी उपलब्धि नहीं है ह्न
भारतीय टीम ने पिछले साल आईसीसी टी20 विश्व कप जीता था। इस प्रकार उसने रोहित की कप्तानी में दूसरा आईसीसी खिताब जीता है। इससे पहले भारत ने 2002 में श्रीलंका के साथ ट्रॉफी संयुक्त रुप से जीती थी जबकि 2013 में टीम इंडिया ने महेन्द्र सिंह धोनी की कप्तानी में ट्रॉफी को अपने नाम की थी। जूनियर एनटीआर केजीएफ फेम निर्देशक प्रशांत नील की आने वाली फिल्म में नजर आयेंगे।

### मिस्ट्री गर्ल के साथ नजर आये चहल

**दुबई** । टीम इंडिया से बाहर चल रहे स्पिनर यजुवेन्द्र चहल आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट के फाइनल को देखने स्टेडिमय में मौजूद थे। इस दौरान चहल के साथ एक मिस्ट्री गर्ल भी नजर आयी। चहल का कुछ समय पहले ही पत्नी धनश्री वर्मा के साथ तलाक हुआ था। ऐसे में जब प्रशंसकों ने उनके साथ इस मिस्ट्री गर्ल को देखा तो ये कैमरे की नजरों से बच नहीं पाये। इस दौरान मिस्ट्री गर्ल सफेद कलर के टॉप में थी जिसने आंखों पर काला चश्मा लगा रखा था। दोनों एक दूसरे के साथ बातें बात करते दिखे जिसके बाद सोशल मीडिया पर इनकी तस्वीरें और वीडियोज वायरल होने लगे। कई फैंस ने अंदाज लगाया कि मिस्ट्री गर्ल आरजे महावश है जिसके साथ बीते दिनों भी चहल की एक तस्वीर वायरल हुई थी। वहीं इसके बाद महावश ने भी अपने सोशल मीडिया में स्टेडियम की एक वीडियो डालकर अपनी मौजूदगी की पुष्टि कर दी। आरजे महवश रेडियो जॉकी, कंटेंट क्रिएटर, होस्ट और लेखिका हैं ।

### अबरार ने शुभमन के आउट होने पर मनाये जश्न पर माफी मांगी

**लाहौर** । पाकिस्तान के क्रिकेटर अबरार अहमद ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम के बल्लेबाज शुभमन गिल के आउट होने के बाद मनाये अपने जश्न के लिए माफी मांगी हैं। अबरार ने शुभमन के आउट होने के बाद जिस आक्रामक अंदाज में जश्न मनाया था उपपर आपत्ति जतायी गयी थी। इस मामले में लोगों ने सोशल मीडिया के जरिये अबरार पर निशाना साधा था। अबरार ने कहा, वह मेरा तरीका था, मुझे नहीं लगता है ।

साकेत मिंज एवं अफरोज अहमद ने बालक अंडर 18 आयु वर्ग 20वीं राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक एवं हिमांशु ने कांस्य

# झारखंड की झोली में 02 स्वर्ण और 01 कांस्य पदक

**20वीं राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप से अप्रैल में सऊदी अरबिया में आयोजित 6वीं एशियन यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए चयनित किया जाना है भारतीय टीम**





**रांची** । नई दिल्ली एवं बिहार एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वाधान में 10 से 12 मार्च 2025 को स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स पटना में आयोजित 20वीं राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बालक अंडर 18 आयु वर्ग 400 मीटर दौड़ में 47.63 सेकेंड का समय के साथ रांची साईं के साकेत मिंज ने स्वर्ण पदक जीत राज्य का नाम रौशन किया। वहीं कर्नाटक के रोहित सैयद सबीर , कर्नाटक ने 48.06 से. का समय लेकर रजत एवम कादिर खान उत्तर प्रदेश ने 48.54 से. का समय के साथ कांस्य पदक जीता। वहीं ऊंची कूद में हजारीबाग के अफरोज अहमद ने 2.04 मीटर के साथ झारखंड को स्वर्ण पदक दिलाया जबकि हिमांशु कुमार सिंह ने 2.02 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा का रजत 2.04 मीटर के साथ केरल के देवक भूषण ने प्राप्त किया। 5000मीटर पैदल चाल में प्रशांत कुमार चौथे एवं जगदीश उरांव(बोकारो ) सातवें स्थान पर रहे। इस उपलब्धि पर झारखंड एथलेटिक्स संघ प्लानिंग कमिटी के चेयरमैन डॉ मधुकांत पाठक , झारखंड एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष सी.डी. सिंह सचिव ,शिव कुमार पांडेय, आशीष झा, आलोक मिश्रा, किरण रानी नायक, बंधन टोप्पो,प्रभाकर वर्मा,सिकंदर महतो, साईं रांची सहायक निदेशक करण साधवानी, एथलेटिक्स कोच विनोद सिंह, हॉकी कोच बी महापात्रा, जगन टोपनो, तीरंदाजी कोच सोमेंद्र शर्मा, संजय त्रिपाठी,अजय नायक, झारखंड टीम कोच आशु भाटिया, टीम मैनेजर प्रेम महतो,रविन्द्र मुर्मू, अजीत कुमार साहू, दशरथ महतो, रणवीर सिंह, कोच शैलेश कुमार, प्रभात रंजन,बरुण कुमार , पुष्पा हस्सा, मनोज कॉन्बेगी,आनंद मेंजज,सरोज यादव, अनिल कुमार, राकेश कुमार,गंगाधर यादव,अनवर हुसैन,अशोक भट्टाचार्य , कोच योगेश यादव राज्य के खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

## चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में नहीं दिखा पीसीबी का कोई प्रतिनिधि

एजेंसी

**नई दिल्ली** । चैंपियंस ट्रॉफी का 20 दिनों तक चला क्रिकेट महाकुंभ दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में रविवार को भारत के चैंपियन बनने के साथ समाप्त हुआ। भारत की ऐतिहासिक जीत के बाद पाकिस्तान की ओर से एक नया विवाद खड़ा हो गया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) का कोई भी प्रतिनिधि ट्रॉफी वितरण समारोह में मौजूद नहीं था। पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने इस मुद्दे को सोशल मीडिया पर उठाते हुए कहा, भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी जीत ली, लेकिन मुझे एक अजीब बात नजर आई। पीसीबी की ओर से कोई भी मंच पर मौजूद नहीं था, जबकि पाकिस्तान इस टूनार्मेंट का मेजबान था। यह मेरे लिए समझ से बाहर है कि इस वैश्विक मंच पर कोई प्रतिनिधि क्यों नहीं था। वहां पीसीबी के किसी भी सदस्य को नहीं देखा गया। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी नहीं पहुंचे दुबई रिपोर्ट्स के मुताबिक टूर्नामेंट के मेजबान होने के बावजूद पीसीबी का कोई भी निर्वाचित सदस्य दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में मौजूद नहीं था। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी समापन समारोह के लिए दुबई नहीं पहुंचे। उनकी जगह सुमैर अहमद, जो पाकिस्तान चरण के टूर्नामेंट निदेशक थे, पीसीबी का प्रतिनिधित्व करने के लिए भेजे गए थे।

**प्रोटोकॉल के कारण मंच पर नहीं बुलाए गए कर्मचारी**

**हालांकि**, प्रोटोकॉल के अनुसार केवल बोर्ड के निर्वाचित सदस्य या निदेशक ही मंच पर आ सकते थे, पीसीबी के कर्मचारी नहीं। इसी कारण सुमैर अहमद को मंच पर आमंत्रित नहीं किया गया।

## हॉकी इंडिया ने 7वें वार्षिक पुरस्कार 2024 के लिए नामित किए खिलाड़ी, समारोह 15 को

एजेंसी

**नई दिल्ली** । हॉकी इंडिया ने सोमवार को हॉकी इंडिया 7वें वार्षिक पुरस्कार 2024 के नामित खिलाड़ियों की आधिकारिक घोषणा कर दी है। यह प्रतिष्ठित समारोह 15 मार्च को नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष का आयोजन अब तक का सबसे बड़ा होगा, जिसमें लगभग 12 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि रखी गई है और भारतीय हॉकी के बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। कुल आठ श्रेणियों में 32 नामांकित खिलाड़ियों को अंतिम सूची में जगह मिली है। इन खिलाड़ियों ने पूरे वर्ष में अपने असाधारण प्रदर्शन से हॉकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है और



इन्हें इस समारोह में सम्मानित किया जाएगा। इस आयोजन की सबसे बड़ी आकर्षणों में से एक 'हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार' होगा, जो वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला खिलाड़ी को दिया जाएगा। इसके अलावा, युवा खिलाड़ियों को भी विशेष पहचान दी जाएगी, जिसमें 'हॉकी इंडिया जुगराज सिंह पुरस्कार' (पुरुषों के लिए) और 'हॉकी इंडिया असुंता लकड़ा पुरस्कार' (महिलाओं के लिए) आगामी खिलाड़ी के रूप में सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, विभिन्न पदों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी विशेष पुरस्कार दिए जाएंगे, जिनमें शामिल हैं ।

'हॉकी इंडिया बलजीत सिंह पुरस्कार' - वर्ष का सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर

'हॉकी इंडिया परगट सिंह पुरस्कार' - वर्ष का सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर

'हॉकी इंडिया अजीत पाल सिंह पुरस्कार' - वर्ष का सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर

'हॉकी इंडिया धनराज पिल्लै पुरस्कार' - वर्ष का सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड

इस समारोह में कुछ विशेष पुरस्कार भी दिए जाएंगे, जैसे 'हॉकी इंडिया प्रेसिडेंट पुरस्कार' उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए और 'हॉकी इंडिया जामन लाल शर्मा पुरस्कार' हॉकी में अमूल्य योगदान के लिए। इसके अलावा, अधिकारियों के लिए भी पुरस्कार दिए जाएंगे, जिसमें 'सर्वश्रेष्ठ अंपायर/अंपायर मैनेजर' और 'सर्वश्रेष्ठ तकनीकी अधिकारी' शामिल हैं। भारतीय हॉकी का ऐतिहासिक वर्ष

इस साल का हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कार 15 मार्च को आयोजित किया जाएगा, जो भारतीय हॉकी के लिए एक ऐतिहासिक दिन है।

## स्विएटेक ने यास्त्रेम्स्का को हराकर इंडियन वेल्स के चौथे दौर में बनाई जगह

एजेंसी

**नई दिल्ली** । गत चैंपियन इगा स्विएटेक ने रविवार को डयाना यास्त्रेम्स्का को 6-0, 6-2 से हराकर इंडियन वेल्स के चौथे दौर में प्रवेश किया। यह उनकी लगातार दूसरी प्रभावशाली जीत थी, इससे पहले उन्होंने अपने पहले मुकाबले में कैरोलिन गार्सिया को 6-2, 6-0 से हराया था। दूसरी वरीयता प्राप्त स्विएटेक इस टूर्नामेंट को तीसरी बार जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनने की कोशिश में हैं। पोलैंड की इस स्टार खिलाड़ी ने मैच में जबरदस्त प्रदर्शन किया और सिर्फ 65 मिनट में यूक्रेनी प्रतिद्वंद्वी को मात दी। उन्होंने



लगातार 10 गेम जीतकर मुकाबले को पूरी तरह एकतरफा बना दिया। मैच के बाद उन्होंने कहा, अंत में मैं थोड़ा थक गई थी, ऐसे मैच को खत्म करना हमेशा मुश्किल होता है, लेकिन मैं खुश हूं कि मैंने आखिरी गेम में भी अपनी तीव्रता बनाए रखी,मैं शुरूआत से ही मैच पर नियंत्रण बनाए हुए थी, इसलिए इस प्रदर्शन से संतुष्ट हूं। पांच बार की ग्रैंड स्लैम विजेता स्विएटेक ने 2024 में रोलां गैरोस जीतने के बाद से अब तक कोई खिताब नहीं जीता है। यह 2020 में अपना पहला बड़ा खिताब जीतने के बाद उनकी सबसे लंबी ट्रॉफी सूखी रही है। चौथे दौर में स्विएटेक का सामना 15वीं वरीयता प्राप्त कैरोलीना मुचोवा या कतेरीना सिनीआकोवा से होगा। टॉमी पॉल ने मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में 50वीं जीत दर्ज की लोकप्रिय अमेरिकी खिलाड़ी टॉमी पॉल ने ब्रिटेन के कैमरन नॉरी को 6-3, 7-5 से हराकर मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में अपनी 50वीं जीत हासिल की।

रोहित शर्मा ने संन्यास की अटकलों को किया खारिज, कहा

## मैं संन्यास नहीं लेने वाला

एजेंसी

**दुबई** । दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में रविवार रात भारत द्वारा न्यूजीलैंड को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल जीतने के बाद कप्तान रोहित शर्मा ने अपने करियर को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लगा दिया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, मैं संन्यास नहीं लेने वाला। रोहित ने इस विषय पर खुद पहल करते हुए कहा, एक और बात। मैं इस प्रारूप से संन्यास नहीं लेने वाला, ताकि आगे कोई अफवाह न फैले।ह्न भारत को चार ICC ट्रॉफी फाइनल में पहुंचाने और दो खिताब जिताने वाले इस दिग्गज बल्लेबाज ने यह घोषणा आत्मविश्वास के साथ की। यह बयान उन्होंने किसी सवाल के जवाब में नहीं, बल्कि एक स्पष्ट घोषणा के रूप में दिया। फाइनल के बाद पारंपरिक मीडिया कॉन्फ्रेंस के बाद, उन्होंने खुद इस विषय पर अपनी स्थिति स्पष्ट की और यह सुनिश्चित किया कि उनके भविष्य को लेकर कोई गलतफहमी न हो। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक सवाल के जवाब में उन्होंने हिंदी में कहा, फ्यूचर प्लान कोई फ्यूचर प्लान नहीं है। जो चल रहा है, वही चलता रहेगा। उनके इस बयान से यह स्पष्ट संकेत मिला कि उनमें अभी भी क्रिकेट के लिए जबरदस्त जोश और भूख बनी हुई है। चैंपियंस ट्रॉफी में रोहित शर्मा का प्रदर्शन शानदार रहा, जहां उन्होंने 180 रन बनाए और इसी दौरान अपने 11,000 अंतरराष्ट्रीय वनडे रन भी पूरे किए। 273 वनडे मैचों में उन्होंने 48.76 की औसत से 11,168 रन बनाए हैं, जिसमें 32 शतक शामिल हैं, जिनमें से तीन दोहरे शतक हैं। इस टूर्नामेंट के दौरान रोहित के संन्यास को लेकर लगातार चर्चाएं हो रही थीं, खासकर क्योंकि उन्होंने पिछले साल जून में बारबाडोस में टी20 विश्व कप जीतने के बाद टी20 प्रारूप से संन्यास लेने की घोषणा कर दी थी। रोहित के अलावा विराट कोहली को लेकर भी ऐसी अटकलें थीं कि वे भी संन्यास की घोषणा कर सकते हैं।




### ओलंपिक खेलों की मेजबानी का भारत का दावा मजबूत : सेबेस्टियन

**नई दिल्ली** । अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार सेबेस्टियन को ने कहा है साल 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत का दावा मजबूत है हालांकि कई और देशों के होने से मेजबानी की प्रतिस्पर्धा कठिन होगी।भारतीय ओलंपिक संघ ने आईओसी के भावी मेजबान आयोग को 2036 ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी के लिए पहले ही आशय पत्र सौंप दिया है। सेबेस्टियन ने कहा, मुझे खुश है कि भारत ओलंपिक खेलों का आयोजन करना चाहता है। उन्होंने कहा, मेजबानी हासिल करना हालांकि आसान नहीं होगा क्योंकि कई अन्य देश भी मेजबानी की दौड़ में शामिल हैं।

## आईपीएल 2025 के बाद इंग्लैंड जाएगी भारत ए टीम

एजेंसी

**मुम्बई** । भारत-ए टीम आईपीएल 2025 के बाद तीन 4-दिवसीय मैचों के लिए इंग्लैंड जाएगी। इस दौरे में उसका मुकाबला इंग्लैंड लायंस की टीम से होगा। इससे इसमें शामिल खिलाड़ियों के पास बेहतर प्रदर्शन कर जून में होने वाले भारतीय टीम के टेस्ट दौरे के लिए अपना दावा पेश करने का अच्छा अवसर होगा। भारत ए की टीम यह दौरा 25 मई से 20 जून के बीच चल सकता है, हालांकि अभी इसकी तारीखों की घोषणा नहीं हुई है। 25 मई को आईपीएल का फाइनल मुकाबला होगा, जबकि 20 जून से टेस्ट सीरीज की शुरूआत होगी। भारतीय बल्लेबाज टेस्ट मैचों के अलावा मुश्किल से ही कोई लाल गेंद की क्रिकेट खेलते हैं। कुछ नियमित टेस्ट खिलाड़ी भी इस इंडिया ए के दौरे पर जा




सकते हैं जिससे कि आगामी इंग्लैंड दौरे के लिएस अपनी दावेदारी पक्की की जा सके। भारत-इंग्लैंड एकदिवसीय सीरीज शुरू होने से पहले एक रणजी ट्रॉफी मुकाबला खेला जाएगा उसमें भी ये बल्लेबाज लाल गेंद की क्रिकेट का अभ्यास कर सकते हैं। बीसीसीआई ने अपने बल्लेबाजों को संदेश दिया है कि वह इस सीरीज को चयन का एक पैमाना मानें। पिछले साल जब इंग्लैंड लायंस की टीम भारत आई थी तो सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, प्रसिद्ध कृष्णा और आकाश दीप जैसे खिलाड़ियो ने इंडिया ए की ओर से खेला था। वहीं इसके बाद इन्हें राष्ट्रीय टीम से खेलने का अवसर मिला है।

## हैरी ब्रुक ने आईपीएल 2025 से नाम लिया वापस



एजेंसी

**नई दिल्ली** । इंग्लैंड के मिडिल-ऑर्डर बल्लेबाज हैरी ब्रुक ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से अपना नाम वापस ले लिया है। उन्होंने अपने इस फैसले की वजह इंग्लैंड क्रिकेट टीम के साथ अपनी आगामी प्रतिबद्धताओं और तैयारी को बताया है। ब्रुक को नवंबर में हुई मेगा नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स ने 6.25 करोड़ रुपये में खरीदा था। हालांकि, यह लगातार दूसरा वर्ष है जब उन्होंने आईपीएल से नाम वापस लिया है, जिससे उन पर टूर्नामेंट में दो साल का प्रतिबंध लगने का खतरा बन गया है। आईपीएल द्वारा लागू किए गए नए नियम के अनुसार, यदि कोई खिलाड़ी नीलामी में अपना नाम दर्ज कराता है और चयनित होने के बाद टूर्नामेंट शुरू होने से पहले खुद को अनुपलब्ध घोषित करता है, तो उसे आगामी दो सत्रों के लिए आईपीएल और नीलामी में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। हालांकि, यह नियम केवल उन खिलाड़ियों पर लागू नहीं होगा जो चोट या अन्य चिकित्सा कारणों से बाहर होते हैं।




चीन में जापान की तकेडा रियो ब्लू बे एलपीएल गोल्फ टूर्नामेंट में जीत के बाद ट्रॉफी उठाये हुए।

15वां हॉकी इंडिया सीनियर राष्ट्रीय पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2025

## हॉकी झारखंड का चयन ट्रायल 20 को रांची में

**रांची** । 04 अप्रैल से 15 अप्रैल 2025 तक झांसी,उत्तरप्रदेश में आयोजित 15ड्ढ हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 , में झारखण्ड हॉकी टीम के भागीदारी हेतु झारखंड के हॉकी खिलाड़ियों का चयन ट्रायल दिनांक 20 मार्च 2025 को सुबह 08.00 बजे से मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम मोराबादी, राँची में आयोजित होगी। इस चयन ट्रायल में झारखंड के कोई भी हॉकी खिलाड़ी भाग ले सकते है।चयन ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ी को अपने साथ आधार कार्ड और हॉकी इंडिया आई डी कार्ड लाना अनिवार्य है।

# चमचमाती ट्रॉफी के साथ रोहित शर्मा ने आलोचकों को दिया करारा जवाब

एजेंसी

**नई दिल्ली** । दुबई में खेले गए चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में रोहित शर्मा ने 76 रनों की शानदार पारी खेलकर अपनी टीम को खिताबी जीत दिलाई। बीते छह महीनों में रोहित के लिए यह सफर उतार-चढ़ाव से भरा रहा, जहां रन बनाने में कठिनाइयों के कारण उन्हें टीम से खुद को बाहर तक करना पड़ा था। लेकिन जैसा कि कहा जाता है, अंधेरे के बाद उजाला जरूर आता है। रोहित के लिए यह उजाला नहीं, बल्कि चमक, दीप्तिमान और गौरवशाली था।

**आलोचनाओं के बीच रोहित का अडिग आत्मविश्वास**




**रोहित** की बल्लेबाजी शैली को लेकर दिग्गजों ने सवाल उठाए थे, खासकर उनकी छोटी पारियों की आलोचना हो रही थी। लेकिन फाइनल मुकाबले में उनकी पारी ने सभी आलोचकों को चुप करा दिया। 41, 20, 15 और 28 रनों की पारियों के बाद उन्होंने सबसे महत्वपूर्ण मैच में 76 रन बनाकर टीम को जीत की राह पर ला खड़ा किया। रोहित की बल्लेबाजी में आक्रामकता के साथ-साथ दृढ़ता भी नजर आई। उन्होंने पावरप्ले में तेजी से रन बटोरने की कोशिश की ताकि बाद में टीम को परेशानी न हो। धीमी पिचों पर रन बनाना मुश्किल था, लेकिन उन्होंने हर मैच में खुद को साबित करने की कोशिश जारी रखी।

**कप्तानी में भी दिखाई कुशलता**

**रोहित** न केवल बल्लेबाज बल्कि एक बेहतरीन कप्तान भी हैं। उन्होंने भारत को चार आईसीसी फाइनल्स तक पहुंचाया, जिनमें से दो में जीत हासिल की। कप्तान के तौर पर उनकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी टीम को ऊजार्वान और प्रतिबद्ध बनाए रखना था, और उन्होंने इसे बखूबी निभाया।

## संघर्ष करने की स्वाभाविक क्षमताओं के कारण ही हर भूमिका निभा सका : पांड्या

एजेंसी

**दुबई** । भारतीय क्रिकेट टीम की आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी जीत में ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने गेंद और बल्ले दोनो से ही जरुरत के समय भरपूर योगदान दिया। मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में पांड्या ने मो शमी के साथ गेंद साझा की। इसी को लेकर पांड्या ने कहा कि संघर्ष करने की स्वाभाविक क्षमताओं के कारण ही वह अपनी नई भूमिका को सही तरीके से निभा पाये। पिच के स्पिनरों के अनुकूल होने के कारण उन्हें हालांकि टूनार्मेंट में अधिक गेंदबाजी नहीं करनी पड़ी। पांड्य ने भारतीय टीम की खिताबी जीत के बाद कहा, ह्यगेंदबाजी अपना काम स्वयं करती है। उनके लिए यह साल सीखने और चुनौतियों से भरा रहा। साथ ही कहा कि मेरी मानसिकता ने मुझे कभी चुनौतियों से भागना नहीं सिखाया। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि अगर चुनौतियां कठिन हैं तो उनका जमकर सामना करो। अगर आप मैदान नहीं छोड़ते हैं, तो आपके पास हमेशा ही अवसर होता है। पांड्या ने कहा कि वह बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए हमेशा ही कड़ी मेहनत करते रही हैं। उन्होंने कहा, ह्यमुझे हमेशा अपनरे पर भरोसा रहा है कि मैं क्या कर सकता हूं। साथ ही कहा कि कड़े अभ्यास का हमेशा ही फल मिलता है। मेरा हमेशा मानना है कि आप जिस तरह से तैयारी करते हैं, उसका प्रभाव खेल पर भी दिखता है। इस क्रिकेटर ने कहा कि इस प्रतियोगिता में जीत से साल 2017 के टूर्नामेंट में पाकिस्तान से मिली हार की निराशा भी कम हुई है।





# क्या आप हैं आइडियल वेट

छरहरी काया किसे पसंद नहीं होती। जहां भी जाएं, सभी आपकी फिटनेस की तारीफ करें। युवक हो या युवती सभी परफेक्ट बॉडी शेप के लिए चिंतित रहते हैं। फिटनेस को लेकर चिंता तो रहती है, लेकिन उस ओर कदम कुछ ही लोग उठाते हैं।

अपने वजन को लेकर हम अक्सर चिंतित तो रहते हैं, लेकिन हममें से कितने लोग होंगे, जिन्हें अपने 'आइडियल बॉडी वेट' या यूं कहें कि आदर्श शारीरिक वजन की जानकारी होगी! बहुत ही कम लोगों को, है न! क्या आप जानते हैं कि इसकी एक सबसे बड़ी वजह यह है कि न तो हम जिम जाते हैं और न ही किसी डाइटीशियन के पास। इसलिए 'आइडियल बॉडी वेट' कितना होना चाहिए, कभी जान ही नहीं पाते। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। बॉडी मास इंडेक्स यानी बीएमआई और वेस्ट साइज यानी कमर की माप के जरिए आप आसानी से यह पता लगा सकेंगे कि आप 'आइडियल वेट' हैं या नहीं या आप किसी भी तरह के स्वास्थ्य संबंधी खतरे से तो नहीं जूझ रहे हैं!

## क्यों है जरूरी

ओवरऑल बॉडी मास की तुलना में आपके बॉडी फैट की मात्रा का सही होना, जो अत्यधिक वजन की वजह से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी कई खतरों को कम करने में मदद करता है। इससे समय से पहले उम्र की रेखाओं को आने से रोका भी जा सकता है और लाइफ स्टाइल क्वालिटी को बढ़ाने में मदद भी मिलती है। दूसरी ओर, ओवरवेट यानी मोटा-ताजा होना कई बीमारियों और बीमारियों की संभावना को बढ़ाता है। भारतीय शहरों के लगभग 65 प्रतिशत युवा आज या तो ओवरवेट हैं, स्थूलकाय हैं या फिर मोटापे से परेशान हैं। वे या तो हार्ट डिजीज, हाई ब्लड प्रेशर, टाइप टू डायबिटीज, ऑस्टियोऑर्थराइटिस यानी अत्यधिक वजन की वजह से जोड़ों की समस्या, कुछ खास तरह के कैंसर, सांस लेने से जुड़ी परेशानियों से पीड़ित हैं या फिर इन बीमारियों से पीड़ित होने के कगार पर हैं।

## बॉडी पर ध्यान दें

बॉडी फैट का विश्लेषण बॉडी फैट मापने का बेहतर माध्यम कहा जा सकता है। बहुत से प्रशिक्षक इसे मापने के लिए केवल कमर की माप लेने के बजाय कमर और हिप का अनुपात देखना प्रेफर करते हैं। फिटनेस एक्सपर्ट के अनुसार, भारतीय महिलाओं की कमर पतली और हिप चौड़ी होती है, इसलिए केवल कमर की माप देखने के बजाय वेस्ट और हिप का अनुपात देखना बेहतर होता है। वेस्ट और हिप का अनुपात शारीरिक बनावट को ध्यान में रखते हुए उसका आदर्श वजन बताने में मदद करता है। अत्यधिक वजन की वजह से डायबिटीज, हार्ट डिजीज, हाई ब्लड शुगर, हाई एलडीएल (लो डेंसिटी लिपोप्रोटीन) जैसी स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याओं के बढ़ने का खतरा रहता है। इनसे बचने के लिए काफी हद तक आप खुद भी बीएमआई और वेस्ट साइज देखकर अपने बढ़ते वजन के बारे में पता कर सकते हैं।

### क्या हो आपका बीएमआई

- हेल्दी वजन- 18 से 22.9
- ओवरवेट - 23 से 23.9 या इससे ज्यादा है।
- (बॉडी बिल्डर्स और बुजुर्गों के लिए बीएमआई का यह मानक मान्य नहीं है।)

## ट्रांसफर हो सकता है मोटापा

अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन के अनुसार, मोटापा एक ऐसी बीमारी है, जो एक से दूसरे में ट्रांसफर भी हो सकती है। यदि आपका दोस्त मोटा है तो आपके भी मोटे होने की आशंका 57 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। ऐसा विवाहित जोड़ियों या सगे भाई-बहनों के साथ भी हो सकता है, क्योंकि काफी हद तक वे एक-दूसरे से जुड़े होते हैं।

## आप हेल्दी वेट हैं या नहीं

किसी भी वयस्क की लंबाई और वजन को ध्यान में रखकर उसके सही बॉडी वेट या फैट को तय करना ही बॉडी मास इंडेक्स यानी बीएमआई कहलाता है। अपना बीएमआई जानने के लिए आप अपने वजन को किलोग्राम में और लंबाई को मीटर में माप लें। अब लंबाई की माप को वर्ग कर लें यानी उस लंबाई में उतने से ही गुणा कर दें। अब वजन में अंतिम रूप से प्राप्त लंबाई से भाग दे दें। मान लें कि आपका वजन 70 किलोग्राम है और आपकी लंबाई 1.6 मीटर है। तो बीएमआई निकालने के लिए सबसे पहले लम्बाई का वर्ग कर लें यानी 1.6 में 1.6 से गुणा कर लें जो 2.56 होगा। अब वजन यानी 70 में 2.56 से भाग दे दें। प्राप्त परिणाम होगा 27.35, जो आपका बीएमआई कहलाएगा। अगर आपका वजन 60 किलोग्राम है और वजन 1.6 मीटर तो आपका बीएमआई 60 में 2.56 से भाग देने से निकलेगा। यह 23.43 होगा। बीएमआई पर नजर रखकर आप अपने वजन पर खुद भी नियंत्रण रख सकते हैं। यदि आप ओवरवेट हैं या फिर मोटापे के शिकार हैं तो पहले खुद को और मोटे होने से रोकें। तभी बाद में आप अपना वजन कम करने पर ध्यान दे पाएंगे। यदि आपकी बीएमआई रेंज हेल्दी है तो अच्छी डाइट और एक्सरसाइज प्लान के जरिए बाद में आप अपना वजन बढ़ा भी सकते हैं।

## वेस्ट साइज

यदि आपका बीएमआई आपको हेल्दी वेट वाला बताता है तो आपके कमर की माप लेना और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। यह खासतौर से भारतीयों पर लागू होता है, क्योंकि भारतीयों की कमर चौड़ी होती है। यदि आप महिला हैं और आपका वेस्ट साइज 80 से.मी. से ज्यादा है या आप पुरुष हैं और आपका वेस्ट साइज 90 से.मी. से ज्यादा है तो आपके स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से ग्रस्त होने की आशंका प्रबल है और आपके हार्ट डिजीज, टाइप टू डायबिटीज, ब्रेस्ट कैंसर से ग्रस्त होने और प्री-मैच्योर डेथ की अधिक आशंका है। ध्यान रखें कि पुरुषों के कमर के आसपास और महिलाओं के लोअर बॉडी में फैट बढ़ने की संभावना अधिक रहती है।

## वेस्ट साइज मापने का सही तरीका

सीधे खड़े होकर टेप से आप हिप बोन्स के ठीक ऊपर का हिस्सा मापें। ऐसा सांस छोड़ने के तुरंत बाद करें। यदि आपका बीएमआई या कमर की गोलाई हेल्दी लिमिट्स को पार कर रही हो तो अत्यधिक वजन की वजह से होने वाली बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है। इससे बचने के लिए जरूरी है कि आप वजन कम करने की योजना बनाएं।



# सीने के दर्द को न करें दरकिनार

**सीने का दर्द एंजाइना के शुरुआती लक्षणों में से एक है, जो आगे चलकर दिल का मरीज बना सकता है। इसे महिलाओं के लिए साइलेंट किलर कहा जाता है।**

आशा 54 वर्ष की उम्र में भी बेहद नियमित और सक्रिय रहने वाली महिला रही है। थोड़ी बहुत शारीरिक परेशानी के नाम पर उन्हें कभी-कभार चेस्ट पेन की शिकायत होती थी। लेकिन इसे वह ज्यादा तवज्जो नहीं देती थीं। एक रोज अचानक जब उन्हें दिल का दौरा पड़ा तो किसी को यकीन नहीं हुआ कि बेहद नियमित दिनचर्या वाली आशा को भी ऐसी परेशानी हो सकती है। दिल का दौरा पड़ने के बाद समय पर उन्हें हॉस्पिटल पहुंचाने से उनकी जान तो बच गई, लेकिन तमाम जांच-पड़ताल के बाद डॉक्टरों ने जो बताया, वह चौंकाने वाला था। डॉक्टरों का कहना था कि आशा को दिल का दौरा यूं ही अचानक नहीं पड़ा। समय-समय पर उनके सीने में होने वाला हल्का दर्द ही इस बात का संकेत दे रहा था कि उनका दिल बीमार है और उसे दवा और देखरेख की जरूरत है। लेकिन राधा ने उस दर्द पर ध्यान न देकर खुद को हृदय रोगी बना लिया। आमतौर पर महिलाएं सीने में उठने वाले हल्के दर्द पर ध्यान नहीं देती हैं, जो आगे जाकर बड़ी समस्या का रूप ले लेता है। आमतौर पर सीने में होने वाले इस दर्द को 'एंजाइना' कहा जाता है, जिसे मेडिकल लैंग्वेज में एंजाइना पेक्टोरिस के नाम से जाना जाता है।

## खून की कमी

'एंजाइना की समस्या तब होती है, जब कोरोनरी डिजीज के चलते हार्ट तक पहुंचने वाले रक्त की मात्रा कम होती जाती है। हार्ट को ऑक्सीजन की कमी महसूस होने लगती है, जो दर्द के रूप में सामने आती है। एंजाइना कोई बीमारी नहीं है, बल्कि यह हार्ट से जुड़ी समस्या बन आप पर हावी होने का संकेत देती है। कभी एंजाइना का दर्द सीने के अलावा एक तरफ की बांह, कंधे, जबड़ों, गर्दन और कमर में भी होता है।' ऐसे में एंजाइना को हल्के में लेना खतरनाक हो सकता है। ज्यादातर लोग यह मानते हैं कि एंजाइना से आमतौर पर पुरुष ही प्रभावित होते हैं, लेकिन अध्ययन बताते हैं कि अधिकतर महिलाओं को अगर हार्टअटैक की समस्या होती है तो इसकी एक बड़ी वजह एंजाइना ही होता है। एंजाइना के चलते मरीज को सीने में होने वाला दर्द, अजीब-सा भारीपन, सांस लेने में ज्यादा दबाव डालना आदि संकेत मिलते हैं। कभी-कभी एंजाइना से पीड़ित महिला को भूख न लगना, लगातार पसीना निकलना और कंपकंपी की शिकायत भी होती है।

## स्टेबल एंजाइना की परेशानी

'महिलाओं में आमतौर पर स्टेबल एंजाइना की परेशानी ही ज्यादा देखने को मिलती है, जो थोड़ी देर आराम करने के बाद नियंत्रित हो जाती है। इसी कारण महिलाएं इस समस्या को ज्यादा तवज्जो नहीं देती हैं। अगर एंजाइना को शुरुआती लक्षणों के दौरान भांप लिया जाए तो दवाओं से इसे नियंत्रित किया जा सकता है और हार्ट से जुड़े खतरे को टाला जा सकता है।'



# गुस्से को कहिए बाय-बाय

गुस्सा आएगा तो स्वाभाविक है कि वह किसी न किसी तरह बाहर भी निकलेगा। कई बार हम गुस्से को गलत तरीके से भी बाहर निकालते हैं और हम अपना ही नुकसान कर बैठते हैं, लेकिन कुछ समझ-बूझ और संयम से भी गुस्से को बढ़ने से रोका जा सकता है।



जब गुस्सा आता है तो दिल करता है आसपास तोड़-फोड़ कर दूं। जोर से चीखूं, चिल्लाऊं। गुस्सा आने पर हमारी स्थिति कुछ ऐसी ही होती है। बिना सोचे-समझे कोई भी कदम उठा लेते हैं। गुस्से को कैसे कम किया जाए और गुस्सा आने पर खुद को कैसे संभालें। मनोवैज्ञानिकों के अनुसार कई महत्वपूर्ण बातें हैं, जिनसे गुस्से को काबू किया जा सकता है।

## गलती का एहसास

गुस्से पर नियंत्रण के लिए आवश्यक है सबसे पहले एहसास होना कि हम कुछ गलत कर रहे हैं और गुस्सा खत्म करने की इच्छा हो। अगर गलत करने का पछतावा ही नहीं होगा तो उसे सुधारने की इच्छा कैसे जागेगी। तो इस गुस्से की समस्या पर पहले ही जीत क्यों न हासिल करें।

**वजह को समझो:** जॉब छूटने पर, कैरियर में असफल होने पर या किसी निजी परेशानी या अन्य कारणों से तनाव बढ़ने से स्वभाव चिड़चिड़ा हो जाता है। तो ऐसे में गुस्से की वजह को जानने की कोशिश करें। जानें कि क्यों आपके व्यवहार में चिड़चिड़ापन आ रहा है। कारणों को समझकर उसे हल करने का प्रयास करें।

**बात करें:** कई बार दोस्तों, पति-पत्नी या परिवार के बीच कुछ गलतफहमियां या टकराव हो जाता है, जो गुस्से का कारण बनता है। ऐसे में बात करके गिले-शिकवे दूर करें। बात करने से आपसी गलतफहमी भी दूर होगी और सब सामान्य हो जाएगा।

**परिस्थितियों को स्वीकारें:** कई बार ऐसी स्थितियां होती हैं, जिनसे न हम आगे बढ़ पाते हैं और न उन्हें बदल सकते हैं। ऐसे में धीरे-धीरे मन में खीझ उत्पन्न होने लगती है। इसलिए आवश्यक है कि उन परिस्थितियों को स्वीकार किया जाए। उनसे भागने और परेशान होने की बजाए कारणों को स्वीकारें और जिंदगी में आगे बढ़ें।

**भागादौड़ी से बचें:** रोडवेज की कितनी ही घटनाएं आए दिन होती रहती हैं। गुस्से के भयानक परिणाम ऐसी घटनाओं में नजर आते हैं। अक्सर होता ये है कि हम जल्दी में घर से निकलते हैं। रास्ते में जाम लगने या किसी गाड़ी या पैदल यात्री के कारण जरा सा भी लेट हो जाएं तो चिंता बढ़ जाती है, जो गुस्से के रूप में बाहर निकलती है। इसलिए जहां भी जाएं, थोड़ा जल्दी घर से निकलें।

**बेहतर है कहीं जाना:** गुस्सा रोकने के लिए आवश्यक है कि ध्यान कहीं और लगाएं। जब गुस्सा आ रहा हो तो उस जगह से चले जाएं। वहां रहेंगे तो गुस्सा और बढ़ेगा। वहां से चले जाने पर ध्यान झगड़े से हट जाएगा।

## गहरी सांस लें

गुस्से के वक्त कहीं दूर जाकर लंबी गहरी सांसें लें। शरीर में सांस के अंदर-बाहर जाने की प्रक्रिया को महसूस करें। इससे आपका ध्यान गुस्से से हटकर सांस लेने पर चला जाएगा, जिससे गुस्सा कम हो जाएगा। इसके अलावा 1 से लेकर 10 तक गिनती भी गिन सकते हैं।

**ऊर्जा का उचित उपयोग:** गुस्सा आने पर शरीर में हार्मोन्स में कई बदलाव होते हैं, जिनसे शरीर लड़ने के लिए एकदम तैयार हो जाता है। उस समय शरीर में उत्पन्न ऊर्जा को लड़ाई में न लगाकर किसी अन्य काम में लगाएं। जैसे घूमने निकलें, व्यायाम करें, डांस करें, बास्केट बॉल या घर पर बॉक्सिंग करें, या कुछ अन्य काम। इससे ऊर्जा इन कामों के जरिए बाहर निकल आएगी और गुस्सा अपने आप कम हो जाएगा।

**बात न करें:** गुस्सा आने पर कोशिश करें कि किसी से भी बात न हो। भीड़-भाड़ वाली जगह पर न जाएं। इससे आपका गुस्सा कुछ समय बाद अपने आप समाप्त हो जाएगा।

**परिणामों पर सोचें:** गुस्से में कोई कदम उठाने के बाद उसके परिणाम भी भुगतने पड़ जाते हैं। इसलिए गुस्से में कुछ करने से पहले बाद में होने वाले परिणामों के बारे में सोचने की कोशिश करें।

## सब बम-बम बा... ! 25 वें आइफा अवॉर्ड में बजा लापता लेडीज का डंका

# सांसद रवि किशन को सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का अवार्ड



गुलाबी ठंड के बीच रविवार शाम को जयपुर एक्जीबिशन कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में आयोजित 25वें आइफा अवॉर्ड समारोह में फिल्म लापता लेडीज ने बाजी मारी। फिल्म ने अलग-अलग श्रेणी में दस अवॉर्ड जीते। भोजपुरी फिल्मों के अमिताभ बच्चन कहे जाने वाले सांसद रविकिशन को सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का अवार्ड मिला।

### लोग चलकर आते हैं, मैं रेंगकर आया हूं : रवि किशन

फिल्म लापता लेडीज के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार जीतने वाले अभिनेता और सांसद रवि किशन ने कहा कि क्षेत्रीय भाषाओं को मिलाकर 750 फिल्में की हैं, लेकिन कभी आइफा अवॉर्ड नहीं मिला। आइफा अवॉर्ड 2025 के ग्रीन कारपेट पर अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए रवि किशन थोड़े संकुचित और उत्साहित नजर आये। उन्होंने कहा कि ऐसे बड़े अवार्ड समारोह में उन्हें बहुत कम बुलाया जाता है, वह आइफा में पहली बार आये हैं, यह बात कहते वक्त उनकी आवाज में थोड़ी उदासी थी, क्योंकि वह अपनी उपलब्धि को लेकर थोड़ा भावुक हो गये थे। उन्होंने कहा कि मेरी बहुत लंबी यात्रा रही है, लोग चलकर आते हैं, मैं रेंगकर आया हूं। मोदी जी को धन्यवाद दूंगा,क्योंकि उन्होंने मुझे कभी रोका नहीं, ना वो रोकते हैं, ना ही योगी आदित्यनाथ जी, उन्होंने कहा कि सिनेमा भी करो और जनता और देश की सेवा भी करो।

सांसद ने कहा कि फिल्म 'लापता लेडीज' में सपोर्टिंग एक्टर के लिए मुझे जो सम्मान मिला है मैं आज इस बड़े मंच से 34 साल बाद जब यहां खड़ा हूं, मेरी पत्नी प्रीति यहां मौजूद हैं मेरे हर सुख-दुख और संघर्ष की गवाह रही है। हर कदम पर उनका साथ मिला, मैं उनको भी अपने सभी साथियों के साथ थैंक्स कहना चाहता हूं। साथ ही IIFA को, जो इस बड़ी इवेंट को आयोजित कर रही है आप सबको दिल से धन्यवाद देना चाहता हूं..!

मैं जब काले कैमरे के सामने होता हूं तो मैं अपने अतीत में खो जाता हूं। कैमरे को देखकर मुझे अपनी दुनिया याद आ जाती है... मेरे संघर्ष याद आते है। आज मैं दिल से बोलना चाहता हूं। आप सब बॉलीवुड, भोजपुरी देश और दुनिया में उत्तर प्रदेश, बिहार, भोजपुरी मेरे गोरखपुर आप सभी के प्यार ने मुझे यहां तक पहुंचाया है, अब मैं यह नहीं कहूंगा, 'जिंदगी झंड बा'...!

आईफा अवार्ड समारोह में अलग-अलग अवार्ड दिए गए। फिल्म 'लापता लेडीज' को बेस्ट फिल्म सहित 10 अवार्ड मिले। एक्टर कार्तिक आर्यन को बेस्ट एक्टर अवार्ड मिला, वहीं नितांशी गोयल ने बेस्ट एक्ट्रेस का अवार्ड जीता। जबकि फिल्म डायरेक्टर राकेश रोशन को आउटस्टैंडिंग अचीवमेंट इन इंडियन सिनेमा के अवार्ड से नवाजा गया।

## AI से बदल जाएगी फिल्म इंडस्ट्री



जयपुर में हुए आईफा अवॉर्ड्स 2025 में कई दिग्गज सितारों की मौजूदगी देखी गई। इस समारोह में धक धक गर्ल माधुरी दीक्षित भी अपने पती डॉक्टर श्रीराम नेने के साथ पहुंची थीं। अवॉर्ड समारोह से इतर न्यूज9 ने माधुरी और उनके पति डॉक्टर नेने से खास बातचीत की। इस दौरान डॉक्टर नेने और माधुरी ने भारतीय सिनेमा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के इस्तेमाल पर बात की। डॉक्टर नेने ने सिनेमा में एआई के इस्तेमाल के फायदे के बारे में भी बताया।

माधुरी दीक्षित ने एआई पर अपनी राय रखते हुए कहा कि ये अभी शुरुआत ही है। मुझे नहीं लगता कि जो कुछ लोग कहते हैं कि वो एक्टर्स को रिप्लेस कर देंगे वो सही है। मुझे लगता है ऐसा होने में काफी वक्त है। माधुरी ने कहा कि हालांकि एआई अन्य कई चीज़ें कर सकता है। श्रीराम नेने ने कहा कि हम कंपनियों में इन्वेस्ट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि आप रचनात्मकता को रिप्लेस कर रहे हैं। श्रीराम नेने ने कहा कि अगर लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) के जरिए एक्टर्स का डुप्लिकेट तैयार किया जा सके तो उनकी उनके इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी (आईपी) के ज़रिए कमाई भी हो सकेगी। उन्होंने कहा कि सोचिए कैसा होगा कि अगर माधुरी एक साल में 10 फिल्मों में नजर आए और वो काम एक ही बार करे। और हर फिल्म के लिए उन्हें पैसे मिले।

## दीपिका को सता रही बेटी की चिंता



बॉलीवुड सुपरस्टार दीपिका पादुकोण ने हाल ही अपनी मां बनने की जर्नी साझा की और बताया कि उनकी अपनी बेटी को लेकर सबसे बड़ी फिक्र क्या है। बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने कई साल तक रिलेशनशिप में रहने के बाद साल 2018 में शादी कर ली थी। एक्ट्रेस ने पिछले साल एक बेटी को जन्म दिया जिसका नाम उन्होंने 'दुआ' रखा। प्रोफेशनल फ्रंट पर काफी सक्सेसफुल रहीं दीपिका पादुकोण के लिए बात जब बेटी दुआ की आती है तो उनकी प्राथमिकताएं पूरी तरह बदल जाती हैं।



दीपिका पादुकोण ने बताया कि कैसे उनके दिमाग में उनकी बेटी को लेकर ही चीजें चलती रहती हैं और अभी उनकी सबसे बड़ी फिक्र यही है कि उनकी बेटी कब खाना उगलना बंद करेगी। दीपिका ने बताया कि वह गूगल पर ऐसी चीजें ही सर्च करती हैं या फिर उसके लार गिराने से जुड़ा हुआ ही कुछ।

एक्ट्रेस ने कहा कि ये वही सब चीजें हैं जो हर मां के दिमाग में रहती ही हैं। पर्सनल चीजों के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने बताया कि जेहनी सुकून उसकी सबसे बड़ी प्राथमिकता रहती है। दीपिका पादुकोण ने कहा, ₹मेंटल इलनेस (मानसिक रोग) से ग्रसित रह चुकने के चलते मेरे लिए मानसिक सुकून हमेशा लक्ष्य होता है। उससे ज्यादा जरूरी कुछ भी नहीं है। इसे कहना आसान है लेकिन करना बहुत मुश्किल है। इसके लिए आपको बहुत काम करना पड़ता है।₹ मालूम हो कि दीपिका पादुकोण मेंटल हेल्थ के मुद्दे पर खुलकर बोलती रही हैं। वर्क फ्रंट के बारे में बात करते हुए दीपिका ने बताया कि वह अपने काम के जरिए सकारात्मक प्रभाव छोड़ना चाहती हैं। दीपिका पिछली बार फिल्म 'सिंघम अगेन' में नजर आई थीं।

## सुनील शेट्टी ने केएल राहुल पर बरसाया प्यार



आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल्स में भारत ने न्यूजीलैंड को तगड़ी मात देते हुए ट्रॉफी अपने घर ले आए हैं। कल के दिन को इतिहास के पन्नों पर सुनहरे अक्षरों में लिख दिया गया। हर कोई इस पल को एंजॉय कर रहा था और भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों को बधाई दे रहा था। ऐसे में भला सुनील शेट्टी अपने दामाद को विश करना कैसे भूलते। सुनील ने केएल राहुल की तस्वीर पोस्ट कर उन्हें बधाई दी।



वहीं, वुड बी मॉय यानी अथिया शेट्टी ने भी पति को खास अंदाज में विश किया। केएल राहुल की पत्नी और एक्ट्रेस अथिया शेट्टी जल्द ही मां बनने बनने वाली हैं। ऐसे में कल की जीत को लेकर अथिया की खुशी का ठिकाना नहीं हैं। अथिया ने इंस्टाग्राम स्टोरी में मैच की जीत के दौरान पति-क्रिकेटर केएल राहुल की फोटो शेयर की। साथ ही एक रेड हार्ट इमोजी भी बनाया है। इस तस्वीर में अथिया अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट किया। अथिया टीवी के पास खड़े होकर अपने पति को प्यार से निहारते नजर आ रही हैं।

बता दें कि सुनील शेट्टी अप्रैल महीने में नाना बनने वाले हैं। सुनील शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दामाद केएल राहुल की एक तस्वीर शेयर की है, ये तस्वीर इंडिया के चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद की है। इस तस्वीर में राहुल आसमान में बल्ला दिखा रहे हैं। इसके साथ सुनील ने कैप्शन में लिखा, 'भारत की ख्वाहिश, राहुल का कमांड।' सुनील के इन शब्दों से उनकी खुशी साफ नजर आ रही है। इस तस्वीर पर फैंस भी कमेंट कर अपनी खुशी जाहिर कर रहे हैं। इस पर कमेंट कर यूजर्स कह रहे हैं कि सुसुर हो तो ऐसा।

## विक्की कौशल ने पुष्पा 2 को दी कांटे की टक्कर

विक्की कौशल, रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना की छावा का रिलीज के 24 दिनों बाद भी जलवा जारी है। फिल्म को लगभग एक महीना पूरा होने वाला है मगर फिल्म का खुमार दर्शकों के सिर से उतरने का नाम नहीं ले रहा है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर शानदार कलेक्शन कर रही है। छावा के ताजा आंकड़ों को देखें तो मूवी ने अब अल्लू अर्जुन का पुष्पा 2 का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। आइए बताएं कैसे विक्की कौशल ने इस हिट फिल्म को पीछे छोड़ा है।

### छावा ने तोड़ा पुष्पा 2 का रिकॉर्ड?

फिल्म 'छावा' को लेकर दर्शकों में जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। 31 करोड़ से शानदार ओपनिंग लेने वाली फिल्म ने शुरुआती कुछ हफ्तों में ही 500 करोड़ रुपये दमदार कलेक्शन कर लिया था। बॉक्स ऑफिस पर अब इसका चौथा हफ्ता चल रहा है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक 24वें दिन इस फिल्म ने लगभग 11 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है जो कि अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' के 24वें दिन की कमाई के टक्कर में है। ये आंकड़े साफ बताते हैं कि 'छावा' का जादू दर्शकों पर अब भी जारी है। आने वाले दिनों में ये और कई फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़ने का क्षमता रखती है। छावा की रिलीज को 25 दिन का समय पूरा होने को आया है और इसने अभी से ही घरेलू बॉक्स ऑफिस में नेट कलेक्शन 500 करोड़ के पार कर लिया है। खास बात ये है कि ये आंकड़े केवल घरेलू तक सीमीत नहीं हैं। छावा का कहर दुनियाभर में भी देखने को मिल रहा है। इस फिल्म ने चौथे हफ्ते में कदम रखने से पहले दुनियाभर में गदर 2 को पछाड़ दिया है और अब यह आमिर खान की एक ब्लॉकबस्टर मूवी दंगल को पछाड़ने के लिए आगे बढ़ रही है। विक्की कौशल की फिल्म छावा चौथी सबसे तेज हिंदी फिल्म है जिसने बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया है।



## 'बम बम भोले' का टीजर रिलीज

बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान की आने वाली फिल्म सिकंदर का होली गाना 'बम बम भोले' का टीजर रिलीज हो गया है।




सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म 'सिकंदर' का निर्देशन ए. आर. मुरुगादॉस ने किया है, जबकि इसे साजिद नाडियाडवाला प्रोड्यूस कर रहे हैं। सलमान खान पर फिल्माया गया मच अवेटेड होली ट्रैक बम बम भोले का टीज़र रिलीज़ होते ही सोशल मीडिया पर तहलका मचा रहा है। गाने की शुरुआत जबरदस्त रैप से होती है,जो गाने में एक अलग ही जोश भर देता है। रंगों से भरे धमाकेदार सीन और एनर्जी से लबरेज़ बीट्स इस गाने को होली का परफेक्ट एंथम बना रहे हैं। टीज़र ने दर्शकों का एक्साइटमेंट और बढ़ा दिया है, अब सबको इसके फुल वर्जन का बेसब्री से इंतजार है। यह गाना कल रिलीज़ होने वाला है। बम बम भोले में शेखस्पीयर, वाई-ऐश और हुसैन (बॉम्बे लोकल) द्वारा लिखा और प्रस्तुत किया गया दमदार रैप शामिल है,जो गाने को और भी जोशीला बना देता है। खास बात यह है कि इस रैप में किड रैपर्स भीमराव जोगू, सरफराज शेख और फैजल अंसारी (द धारावी ड्रीम प्रोजेक्ट) भी नजर आएंगे,जो ट्रैक में एक रॉ, एनर्जेक्टिक वाइब जोड़ते हैं।इस गाने को संगीत के उस्ताद प्रीतम ने कंपोज किया है। गौरतलब है कि सलमान खान आगामी ईद पर 'सिकंदर' के साथ बड़े पर्दे पर वापस आ रहे हैं। इस फिल्म में रश्मिका मंदाना और काजल अग्रवाल भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

## यशराज फिल्मस की फिल्म में काम करेंगी श्रिया पिलगांवकर



सचिन पिलगांवकर और सुप्रिया पिलगांवकर की पुत्री और अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर यशराज फिल्मस (वाईआरएफ) की आगामी फिल्म में काम करती नजर आ सकती हैं। श्रिया पिलगांवकर ने वर्ष 2016 में वाईआरएफ के बैनर तले बनीं फिल्म फैन के जरिये बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की थी। इस फिल्म में श्रिया ने शाहरुख खान के साथ काम किया था।




श्रिया, निर्देशक मनीष शर्मा द्वारा 750 लड़कियों के ऑडिशन से फिल्म फैन के लिये चुनी गई। उन्होंने जल्द ही अपनी पहचान बना ली। श्रिया ने एमी-नॉमिनेटेड मिर्जापुर, ब्रिटिश सीरीज़ बीचम हाउस, गिल्टी माइंड्स, ब्रोकन न्यूज़ और ताज़ा ख़बर जैसी परियोजनाओं में अपने अभिनय के लिए प्रशंसा अर्जित की।

श्रिया नई परियोजना के लिए यशराज फिल्म्स में लौट आई हैं। सोशल मीडिया पर श्रिया द्वारा साझा की गई हाल ही में पर्दे के पीछे की एक तस्वीर ने प्रशंसकों के बीच अटकलों की लहर पैदा कर दी, जिन्होंने उनके हाथ में वाईआरएफ की स्क्रिप्ट देखी। प्रोडक्शन से जुड़े एक करीबी सूत्र के अनुसार, श्रिया बिल्कुल नए अवतार में नज़र आएंगी, जो रोमांच को और बढ़ा देगा।इस प्रोजेक्ट में कथित तौर पर वाणी कपूर, सुरवीन चावला और गुल्लक फेम वैभव राज गुप्ता भी हैं।

## शबाना आजमी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से किया गया सम्मानित

बेंगलुरु में आयोजित 16वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कावेरी निवास पर दिग्गज भारतीय अभिनेत्री शबाना आजमी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया। पुरस्कार के रूप में उन्हें 10 लाख रुपये का चेक भी दिया गया।



इस खास मौके पर मशूहर कवि, गीतकार और शबाना आजमी के पति जावेद अख्तर भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने अपने सोशल मीडिया पर शबाना और जावेद के साथ कुछ तस्वीरें भी शेयर की है जो छाई हुई हैं।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शबाना आजमी के काम को याद करते हुए कहा, 'हमें... मिले सुर मेरा तुम्हारा बहुत पसंद है। मैंने इसमें आपको देखा है। आप एक बेहतरीन एक्ट्रेस हैं।' वहीं हिंदी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री शबाना आजमी और जावेद अख्तर ने कर्नाटक की समृद्ध सांस्कृतिक और संगीत विरासत की प्रशंसा की। जिसपर रिएक्ट करते हुए, मुख्यमंत्री ने इस बात पर कहा कि कर्नाटक भीमसेन जोशी, कुमार गंधर्व और गंगूबाई हंगल जैसे महान हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीतकारों का घर है, जो सभी धारवाड़ से हैं। बता दें कि 16वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आयोजन कर्नाटक सरकार के लिए कर्नाटक चलनचित्र अकादमी मे किया गया।

## बड़े संकट में फंस गई 'केसरी वीर'

बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी इन दिनों खुशी कपूर और इब्राहिम अली खान की फिल्म 'नादानियां' में नजर आ रहे हैं। हाल ही में ये फिल्म ओटीटी पर रिलीज हुई थी,लेकिन जल्द ही सुनील शेट्टी बड़े पर्दे पर भी नजर आने वाले हैं। दरअसल उनकी अपकमिंग फिल्म 'केसरी वीर: लेजेन्ड्स ऑफ सोमनाथ' चर्चा में बनी हुई है, जो कि होली के खास मौके पर रिलीज होगी। होली पर सुनील शेट्टी की ये फिल्म दस्तक देगी तो छुट्टी के चलते फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा फायदा हो सकता है, लेकिन सुनील शेट्टी के लिए एक ऐसी फिल्म बड़ा खतरा बन सकती है, जिसने दुनियाभर में 6200 करोड़ रुपए की कमाई की है और दो ऑस्कर अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। यहां बात हो रही है 'ड्यून: पार्ट टू' की जो इंडिया में 14 मार्च को ही री-रिलीज हो रही है।



# खाटू श्याम की भव्य शोभायात्रा का आयोजन



**नोएडा ( चेतना मंच )।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा खाटू श्याम की भव्य निशान शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस पावन शोभायात्रा की अगुवाई उद्यमी एवं बाबा खाटू श्याम के भक्त विपिन बंसल ने की। यह यात्रा दोपहर 2 बजे सेक्टर-21, बाल भारती स्कूल के पास स्थित मंदिर से प्रारंभ हुई और सनातन धर्म मंदिर, सेक्टर-19 तक गई।

एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन, नोएडा ने इस पावन अवसर पर सेक्टर-21 के मुख्य द्वार (सेक्टर-20 के सामने) एक विशाल टेंट लगाकर शोभायात्रा में भाग लेने वाले श्रद्धालु भक्तों के लिए शीतल जल, मीठे पेय, फल एवं प्रसाद की व्यवस्था की। इस दौरान बाबा के भक्तों ने आरती उतारकर और श्रद्धापूर्वक गुणगान कर भक्ति का भाव प्रकट किया। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं एवं उद्यमी साथियों ने हिस्सा लिया और भव्य उत्साह एवं श्रद्धा के साथ बाबा खाटू श्याम जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।



इस आयोजन को सफल बनाने में सुरेंद्र सिंह नाहटा, विपिन बंसल, शिव कुमार राणा, रमेश राठौर, भूपेंद्र, गणेश बिस्ट, रीना राणा, आकांक्षा चुग, आर्यन पूरी, सुबोध कुमार, रामतीरथ तिवारी, दिलीप मिश्रा, दिलशाद सहजद सहित अन्य उद्यमी साथियों ने विशेष योगदान दिया।

# डब्ल्यूटीसी नोएडा घोटाले से ठगे गए खरीदार को न्याय की आस, अब मोदी-योगी पर विश्वास

**नोएडा ( चेतना मंच )।** डब्ल्यूटीसी नोएडा परियोजना के निवेशकों ने नोएडा मीडिया क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि टेक वी एंड डब्ल्यू, वीडी, वीई, सिग्नेचर टेक-ज़ोन, प्लाज़ा, क्वाड, क्यूबिड और रिवरसाइड रेजिडेंसी यमुना एक्सप्रेसवे एवं डब्ल्यूटीसी सीबीडी, सेक्टर-132 के खरीदारों को डब्ल्यूटीसी नोएडा के निदेशक आशीष भल्ला ने भारी धोखा दिया है। उनका आरोप है कि भल्ला ने करीब 5000 करोड़ रुपये और 20,000 से अधिक खरीदारों व निवेशकों के साथ धोखाधड़ी की है।




प्रभावित खरीदारों का कहना है कि आशीष भल्ला पहले भी 2010 में एएन बिल्डवेल के जरिए निवेशकों को धोखा दे चुका है। उनका आरोप है कि भल्ला डब्ल्यूटीसी एसोसिएशन अमेरिका से फ्रेंचाइज़ी लेकर भारत में निवेशक क्लिनिक और विदेशों में स्क्वायर यार्ड जैसी कंपनियों के जरिए भू-संपत्ति बेचता है। खरीदारों को परियोजना को डब्ल्यूटीसी अमेरिका का हिस्सा बताकर महंगे दामों पर बेचा जाता है, लेकिन जब खरीदार डब्ल्यूटीसी अमेरिका से संपर्क करते हैं, तो उन्हें बताया जाता है कि डब्ल्यूटीसी नोएडा से उनका कोई संबंध नहीं है। खरीदारों ने बताया कि रेरा, उपभोक्ता अदालत, उच्च न्यायालय, राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) सहित विभिन्न कानूनी मंचों पर करीब 350 से अधिक शिकायतें लंबित हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय की गंभीर धोखाधड़ी जांच विभाग (एसएफआईओ) में भी मामला दर्ज है, फिर भी भल्ला खुलेआम घूम रहा है और निवेशकों का पैसा फर्जी कंपनियों में डाइवर्ट कर चुका है।

खरीदारों ने आरोप लगाया कि अब भूटानी समूह ने डब्ल्यूटीसी नोएडा के शेयर खरीदकर एक और बड़े घोटाले को अंजाम देने की योजना बनाई है। उन्होंने बताया कि भूटानी समूह डब्ल्यूटीसी नोएडा को भूटानी अल्फातम परियोजना में बदलने का प्रस्ताव दे रहा है, जबकि इस परियोजना को अभी तक अधिभोग प्रमाणपत्र (ओसी) भी नहीं मिला है। खरीदारों से 10,000 रुपये प्रति वर्ग फुट की दर मांगी जा रही है, जबकि बाजार दर 6000-7000 रुपये प्रति वर्ग फुट है। खरीदारों ने बताया कि डब्ल्यूटीसी नोएडा और भूटानी समूह की धोखाधड़ी के खिलाफ अब तक 13 बड़े विरोध प्रदर्शन किए जा चुके हैं। इनमें दिल्ली स्थित जसोला कार्यालय, भूटानी अल्फातम कार्यालय, फरीदाबाद, और नोएडा के विभिन्न स्थानों पर आंदोलन और प्रेस वार्ता शामिल हैं। खरीदारों ने सभी सरकारी अधिकारियों और राजनेताओं को शिकायत दी, लेकिन किसी ने कार्रवाई नहीं की। जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) कार्यालय से लेकर पुलिस अधिकारियों तक शिकायतें दर्ज की गईं, लेकिन प्रशासन और न्यायपालिका का रवैया बेहद उदासीन रहा। हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने डब्ल्यूटीसी नोएडा के आशीष भल्ला और भूटानी समूह के 12 ठिकानों पर छापेमारी की और 3500 करोड़ रुपये के अवैध दस्तावेज जब्त किए। जांच में सिंगापुर में गैरकानूनी रूप से पैसा भेजने का भी खुलासा हुआ। ईडी ने आशीष भल्ला को 7 दिन की हिरासत में लिया है, जिससे इस घोटाले की परतें धीरे-धीरे खुल रही हैं।

खरीदारों ने उत्तर प्रदेश और केंद्र सरकार से इस घोटाले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की है कि बिल्डर माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो और भविष्य में किसी भी आम नागरिक को अपनी मेहनत की कमाई से ठगने का मौका न मिले।

# उत्तराखंडी होली मिलन समारोह सम्पन्न



**नोएडा ( चेतना मंच )।** निराला एस्पायर उत्तराखंड प्रवासी मंच द्वारा आयोजित द्वितीय उत्तराखंडी होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। यह आयोजन उत्तराखंडी संस्कृति, संगीत और परंपराओं के रंग में सराबोर एक अविस्मरणीय शाम साबित हुआ।

उत्तराखंड की लोकसंस्कृति को समर्पित इस कार्यक्रम में प्रवासी उत्तराखंडियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। आयोजन में उत्तराखंडी लोकगीतों, पारंपरिक व्यंजनों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। श्री राम पर्वतीय लोक कलामंच के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत होली गीतों ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया

इस भव्य आयोजन में उपस्थित सभी उत्तराखंडी भाई-बहनों ने अपने राज्य की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं को आत्मसात किया। यह कार्यक्रम आप सभी की सहभागिता और सहयोग से ही सफल हो पाया।

आयोजकों में दीपक पंत, विकास भट्ट, रजनीश भंडारी, पारस जोशी, मनोज उप्रेती, सोमिल बेलवाल, हरिश दुर्गापाल, राकेश मनराल, हरीश कन्याल, पंकज उपरेती, गोपाल बिष्ट, आरुल उपाध्याय, प्रदीप सिरोला, गणेश शाही, विवेक डबराल, अनुराग बिष्ट, कवीन सिंह चौहान, जयपाल सिंह, आशिष साह, जे एस कंडारी आदि शामिल रहे।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में गर्ल अप गौरवी (लड़कियों और महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए कार्य करने वाली संस्था) द्वारा नोएडा के प्राइम केयर क्लियरमेडी मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के सहयोग से एमिटी विश्वविद्यालय में महिलाओं और बालिकाओं के लिए निशुल्क स्वास्थय जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर निशुल्क स्वास्थय जांच शिविर में लगभग 170 से अधिक महिलाओं और बालिकाओं ने अपने स्वतचाप, ब्लड शुगर, बीएमआई आदि की जांच कराकर निशुल्क परामर्श प्राप्त किया।

इस अवसर पर महिला चिकित्सकों द्वारा स्वास्थय चर्चा सत्र का आयोजन भी किया गया जिसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ डा मनीषा सक्सेना, मनोवैज्ञानिक डा आस्था रैना, फिजियोथिरेपिस्ट डा सुदीक्षा दत्ता, दंत चिकित्सक डा शेफाली अग्रवाल और खान पान विशेषज्ञ डा आस्था चौधरी आदि ने अपने विचार व्यक्त करते हुए रोगो से बचाव के बारे में बताया ।



# अंत्योदय सेवा केंद्र में हुआ होली मिलन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** हिमगिरि जनसेवा द्वारा संचालित लक्ष्य अंत्योदय सेवा केंद्र, सेक्टर-55, में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर गीत-संगीत एवं नृत्य के साथ कार्यक्रम को उल्लासपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम संयोजक एवं केंद्र संचालक सुनीता नयाल ने बताया कि इस विशेष अवसर पर गरीब महिलाओं एवं छात्राओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित महिलाओं में हीरा देवी, कुमकुम, सुनीता, मधु आदि शामिल थीं।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनीता जोशी (नोएडा विभाग कार्यवाहिका, राष्ट्र सेविका समिति) ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से समाज में नई चेतना एवं उल्लास का संचार होता है। उन्होंने यह भी कहा कि महिला परिवार रूपी बगिया की माली होती है, जो हर क्षण अपने परिवार की चिंता करती रहती है।

विशिष्ट अतिथि ममता शर्मा, मनोज शर्मा, दीपा जोशी, चंपा मनराल, शीला पंत (ब्लॉगर) आदि ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन पुष्पा भट्ट ने किया।




इस आयोजन में प्रमुख रूप से शारदा अधिकारी, दीपा रावत, मुन्नी देवी, सरिता गुणवंत, कमलेश रावत, रेखा जखमोला, कुसुम तिवारी, उर्मिला दिमरी, तारा देवी, राधा जोशी, सुंदरी बिष्ट, रजनी इष्टवाल, विनीता रावत, अनीता लोहानी, विनिता माहेश्वरी सहित कई गणमान्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

# व्यापारियों ने फूलों से खेली होली

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के द्वारा




सेक्टर-22 के कम्युनिटी सेंटर में रंगारंग कार्यक्रम के साथ भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फूलों की होली खेली गई व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा राधा-कृष्ण पर आधारित झांकियां प्रस्तुत की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से की गई एवं छोटे-छोटे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए होली के मधुर गीतों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत फेलिक्स हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉक्टर डीके गुप्ता ने आशीर्वचन देकर होली की शुभकामनाएं दी। मंच का संचालन वरिष्ठ महासचिव अमित अग्रवाल ने किया। समारोह में आएसभी अतिथियों का अंग वस्त्र पहनाकर एवं सम्मान प्रतीक द्वारा संस्था के अध्यक्ष सुधीर चंद पोरवाल, वरिष्ठ महासचिव अमित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नरेश बंसल, संरक्षक राज कुमार गर्ग, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, सत्यनारायण गोयल एवं मूल चंद्र अवाना, संगठन महामंत्री फूल सिंह यादव, संयोजक विधि प्रकोष्ठ मनोज गुप्ता एडवोकेट, महासचिव अमित पोरवाल एवं राहुल भाटिया, उपाध्यक्ष गोविन्द अग्रवाल विक्रम सेठी, डॉ जे एस वेदी, सचिव सुनील वर्मा, धर्मवीर बंसल एवं सुरेन्द्र गर्ग के द्वारा किया गया एवं वंदना शर्मा ने चंदन टीका लगाकर सभी को होली की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि नोएडा के विधायक पंकज सिंह, अति विशिष्ट अतिथि पुलिस प्रशासन एसीपी द्वितीय राकेश प्रताप सिंह, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, अ.भा.अ. वैश्य मित्र मंडल के अध्यक्ष राधा कृष्ण गर्ग ने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं!

समारोह में संजय गोयल, मनोज गोयल, पुनीत गर्ग, सेक्टर-22 आरडब्ल्यूए अध्यक्ष मदन शर्मा, संरक्षक रवि शर्मा, रणपाल अवाना, तरुण राज, मुकुल वाजपेई, राज कुमार अग्रवाल, संदीप गर्ग, बलवीर, हीरा लाल, कृष्णा साह, सरोज गुप्ता,अजय बाटला, पवनराज,विकास तिवारी,कैलाश साह, तुषार गोयल,लक्ष्मण धस्माना, रवि विश्वकर्मा, डी एस कटोच, प्रतुल पांडे, पवन शर्मा, सुशील राणा, अन्नू गिरी, पारुल वत्रा, मंजू वभरतमल, कनकलता पोरवाल, निमिषा नेगी, योगिता मल्होत्रा, पूजा अवाना, अंजू चौहान ,सोना चौधरी, मधु सिंह, ज्योति पोरवाल, रूबी पोरवाल, रितु पोरवाल आदि मौजूद रहे।

